सूर्योदय : 06.26 बजे
सूर्यास्त : 05.34 बजे
मंगलवार, 15 नवम्बर 2022
वर्ष-2-अंक 319
मूल्य 2 पृष्ठ 8
e-mail: aknewstv2@gmail.com
RNI TITLE CODE : UPHIN49345

हिन्दी दैनिक
# अमर ख्याल
जुनून सच का
(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित



# जी–20 शिखर सम्मेलन में शिरकत करने बाली पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

## गर्मजोशी से हुआ प्रधानमंत्री का स्वागत

**नई दिल्ली/बाली ■ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में शिरकत करने के लिए इंडोनेशिया के बाली पहुंचे। बाली पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया गया है। इंडोनेशिया जाने के बाद पारंपरिक तरीके से प्रधानमंत्री का स्वागत किया गया। इस बीच इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भी मौजूद थे। जिन्होंने उनकी आवभगत की।

पीएम मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन के विभिन्न सदस्यों देशों के राष्ट्रध्यक्षों से भी मुलाकात करेंगे। बताया जा रहा है कि उनकी वैश्विक नेताओं से जलवायु परिवर्तन, रूस-यूक्रेन युद्ध, आतंकवाद, विदेश नीति, सामरिक नीति सहित अन्य मुद्दों पर वार्ता हो सकती है। प्रधानमंत्री मोदी के इंडोनेशिया पहुंचने के बाद वहां मौजूद भारतीय खास उत्साहित नजर आए। प्रधानमंत्री मोदी भारतीय लोगों से मुखातिब हुए। उनका हाल चाल जाना और उनसे भारत के संदर्भ में कई सारगर्भित प्रश्न किए। जवाब में लोगों ने कहा कि आज की तारीख में विश्व बिरादरी के समक्ष भारत की साख में इजाफा हुआ है, जिसका श्रेय अगर किसी को जाता है, तो वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

बता दें कि मंगलवार को जी-20 की बैठक होने जा रही है। ऐसे में सभी को मंगलवार का इंतजार रहेगा। इसके शिखर सम्मेलन में वार्ता किस प्रकार आगे बढ़ती है। इस पर भी की निगाहें टिकी रहेंगी।



### पीएम मोदी आज देंगे गुरुमंत्रः 45 घंटे, 20 इवेंट, 10 मुलाकातें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 और 16 नवंबर को जी–20 की विभिन्न बैठकों मे शिरकत करेंगे। वे जी 20 देशों को गुरु मंत्र देंगे। प्रधानमंत्री मोदी लगभग 45 घंटे बाली में रुकेंगे। वह इस दौरान 20 कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे और दुनियाभर के 10 वैश्विक नेताओं से द्विपक्षीय मुलाकात करेंगे। इस दौरान मोदी इंडोनेशिया, ब्रिटेन, फ्रांस, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और स्पेन के राष्ट्रप्रमुखों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे।

**आज भारतीय प्रवासियों को करेंगे संबोधित:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा मैं मंगलवार 15 नवंबर को बाली में भारतीय समुदाय को संबोधित करने को लेकर आशान्वित हूं। सूत्रों का कहना है कि प्रधानमत्री मोदी अब बिजी शेड्यूल से कुछ समय निकालकर इंडोनेशिया में भारतीय प्रवासियों को संबोधित भी करेंगे।

**जी 20 देश:** जी–20 या 20 देशों का समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर सरकारी मंच है। इस समूह में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

# मप्र की धरती पर 25 घंटे 25 मिनट तक रहेंगी मुर्मू

### शहडोल में जनजातीय गौरव दिवस समारोह में होंगी शामिल



- राष्ट्रपति मुर्मू आज से दो दिन के मप्र प्रवास पर
- आज ही भोपाल से दो परियोजनाओं का वर्चुअली शुभारंभ भी करेंगी राष्ट्रपति
- कल भोपाल में महिला स्व-सहायता समूह सम्मेलन में भी होंगी शामिल

**भोपाल, (प्रसं)।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू 15 और 16 नवंबर को मध्यप्रदेश के प्रवास पर रहेंगी। वे सोमवार15 नवंबर को शहडोल के लालपुर में जनजातीय गौरव दिवस के राज्य-स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगी और इसी दिन शाम को भोपाल से दो परियोजनाओं का वर्चुअल शिलान्यास करेंगी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू 16 नवंबर को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम भोपाल में महिला स्व-सहायता समूह सम्मेलन को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार मध्यप्रदेश के प्रवास पर आ रही राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू मप्र की धरती पर 25 घंटे 25 मिनट तक रहेंगी

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू सोमवार 15 नवंबर को सुबह 11.30 बजे जबलपुर आएंगी और वहां से दोपहर 12.25 पर शहडोल पहुंचेंगी। दोपहर 1.45 बजे लालपुर शहडोल में जनजातीय गौरव दिवस में शामिल होंगी। राष्ट्रपति दोपहर 3.00 बजे शहडोल से प्रस्थान कर अपरान्ह 3.55 जबलपुर और वहां से शाम 5.25 बजे भोपाल पहुंचेंगी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू शाम 6.30 बजे राजभवन, भोपाल से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की रातापानी, औबेदुल्लागंज-इटारसी फ ोरलेन परियोजना एनएच-46 और रक्षा मंत्रालय की ग्वालियर स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संस्थान में मेक्सिमम माइक्रोवाइल कंटेनमेंट लेबोरेट्री बीएसएल 4 का वर्चुअली शिलान्यास करेंगी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू 16 नवंबर को सुबह 11.30 बजे मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में महिला स्व.सहायता समूह सम्मेलन में भाग लेंगी। राष्ट्रपति दोपहर 12.55 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी। (शेष पेज 4 पर)

### सुप्रीम कोर्ट ने की तल्ख टिप्पणी

# जबरन धर्मांतरण देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा

जस्टिस एमआर शाह ने कहा कि ये देश की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। अगर कोई स्वेच्छा से धर्मांतरण करता है तो उसमें कोई समस्या नहीं है, लेकिन अगर उनको किसी भी दूसरे ढंग से धर्मांतरण कराया जाता है तो इस पर केंद्र सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में सॉलिसिटर जनरल (एसजे) तुषार मेहता सरकार का पक्ष रखें। हम इस पर उनको सुनेंगे।



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

जबरन धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की और एक अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एमआर शाह ने कहा कि ये एक बहुत ही गंभीर मामला है। सभी को धर्म चुनने का अधिकार है लेकिन जबरन धर्मांतरण से नहीं। ये बहुत ही खतरनाक है। सुप्रीम कोर्ट अब 28 नवंबर को इस मामले पर अगली सुनवाई करेगा। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में सॉलिसिटर जनरल (एसजे) तुषार मेहता सरकार का पक्ष रखें। हम इस पर उनको सुनेंगे। जस्टिस एमआर शाह ने कहा कि ये देश की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है. अगर कोई स्वेच्छ से धर्मांतरण करता है तो उसमें कोई समस्या नहीं है, लेकिन अगर उनको किसी भी दूसरे ढंग से धर्मांतरण कराया जाता है तो इस पर केंद्र सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना होगा.

सॉलिसिटर जनरल ने कहा- हम 21 नवंबर को इस मामले में जवाब दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को इस संबंध में कदम उठाने पड़ेंगे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 21 नवंबर तक इस पर हम अपना जवाब दाखिल करेंगे। केंद्र सरकार का यह कहना था कि जो लोग इसके शिकार बनाए जा रहे हैं उनको खुद नहीं पता है कि हेल्प के नाम पर उनके साथ धोखा हो रहा है।

### याचिका में केंद्र और राज्यों से कड़ा कानून बनाने की मांग

बताते चलें कि याचिका में केंद्र और राज्यों को जबरन या धोखाधड़ी के जरिए धर्मांतरण को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने के लिए कानून बनाने की मांग की गई है। इस याचिका पर जस्टिस शाह और जस्टिस हिमा कोहली की बेंच सुनवाई कर रही है। याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा यह समस्या पूरे देश में है।

# प्रेमिका की हत्या के बाद शव के किए 35 टुकड़े

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी की एक दिल दहलाने वाली घटना में एक प्रेमी ने प्रेमिका की गला घोंटकर हत्या करने के बाद उसके 35 टुकड़े कर दिए और शव ठिकाने लगाने के लिए उन्हें आसपास के इलाकों में फेंकता रहा। दिल्ली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और शव के टुकड़े तलाश रही है। पुलिस ने बताया कि श्रद्धा मुंबई के एक कॉल सेंटर में काम करती थी, जहां उसकी मुलाकात आफताब पूनावाला से हुई और दोनों के बीच प्रेम हो गया। श्रद्धा के परिजनों के रिश्ते को स्वीकार न करने से यह जोड़ा दिल्ली आ गया व महरौली में फ्लैट किराये पर लेकर लिव इन में रहने लगा। कुछ समय बाद दोनों में शादी को ले झगड़ा शुरू हो गया।

श्रद्धा आफताब से शादी के लिए जिद कर रही थी, इसी को लेकर उनके बीच गत 18 मई को झगड़ा हुआ और आफताब ने श्रद्धा की गला घोंटकर हत्या कर दी। उसने शरीर के 35 टुकड़े कर उन्हें रखने के लिए बड़ा फ्रिज खरीदा। आफताब अगले 18 दिनों तक आधी रात के बाद घर से निकलता और दिल्ली में अलग-अलग जगहों पर श्रद्धा के शव के टुकड़े फेंकता। वह करीब दो किमी दूर जाकर जंगल में शवों के टुकड़े फेंकता था।

पुलिस के अनुसार घटना का खुलासा तब हुआ, जब श्रद्धा ने घरवालों का फोन उठाना बंद कर दिया था। उसके पिता आठ नवंबर को पुत्री से मिलने के लिए दिल्ली पहुंचे, जहां फ्लैट का दरवाजा बंद था। पिता ने महरौली पुलिस से संपर्क किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने शनिवार को आफताब को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर श्रद्धा के शव के टुकड़ों की तलाश रही है।

### आफताब ने 18 मई को घोंट दिया था श्रद्धा का गला

आफताब ने 18 मई की रात 9 से 10 बजे के बीच श्रद्धा का गला घोंटकर मर्डर किया। मर्डर के बाद उसने शव को टुकड़ों में काटकर ठिकाने लगाने का फैसला किया। इसके लिए उसने पहले आरी खरीदी और फिर शव के टुकड़े रखने के लिए फ्रिज खरीदा। उसने 19 मई को बॉडी के 35 टुकड़े करके उन्हें फ्रिज में भर लिया। इसके बाद उन्हें एक -एक करके महरौली के जंगल में ठिकाने लगाने में लग गया।

## महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री पर छेड़खानी का केस दर्ज

**मुंबई, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र पुलिस ने सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष रिदा असगर राशिद की शिकायत पर राकांपा नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री जितेंद्र आव्हाड के खिलाफ छेड़खानी का मामला दर्ज किया है। उनके खिलाफ मुंबई थाना में मामला दर्ज किया गया है। यह घटना मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा मुंब्रा में एक नए पुल का उद्घाटन के बाद घटी, जहां राकंपा नेता श्री आव्हाड भी मौजूद थे। शाम लगभग 6.30 बजे जब शिंदे कार्यक्रम से निकल रहे थे और पीड़िता उनके कार के नजदीक जाने की कोशिश कर रही थीं तभी श्री आव्हाड उनके रास्ते में आ गए। श्री आव्हाड ने उनसे कहा कि आप बीच में क्यों खड़ी हैं? एक तरफ चली जाओ। इसके बाद उनको कंधे से पकड़कर एक तरफ धकेल दिया। बाद में, पीड़िता ने श्री शिंदे से मुलाकात की और उनसे आग्रह किया कि वह पुलिस को श्री आव्हाड के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दें।,

## रॉ अफसर दफ्तर की 10वीं मंजिल से कूदा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लोधी कॉलोनी इलाके में रॉ के दफ्तर की 10वीं मंजिल से एक अधिकारी ने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। दिल्ली पुलिस के अनुसार उक्त अधिकारी लंबे समय से डिप्रेशन में थे। इस घटना से संबंधित कोई विशेष जानकारी सामने नहीं आई है। चूंकि, ये मामला अतिसंवेदनशील रॉ दफ्तर से जुड़ा है, इसलिए आत्महत्या से जुड़ी विशेष जानकारी सामने नहीं आई है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। रॉ दफ्तर से जुड़े इस मामले को हाई प्रोफाइल माना जा रहा है। रॉ अधिकारी की आत्महत्या गंभीर विषय है। इसलिए दिल्ली पुलिस भी फूंक–फूंक कर कदम रख रही है। अभी तक सिर्फ इतनी जानकारी दी गई है कि अधिकारी डिप्रेशन में था। हालांकि, ये डिप्रेशन किन वजहों से था, ये पता नहीं चल पाया है। अधिकारी पारिवारिक समस्याएं से घिरे थे या कोई ऑफिशियल प्रॉब्लम थी।

# डी शिवकुमार दिल्ली में ईडी के समक्ष पेश हुए

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार सात नवंबर को सम्मन की तय तारीख को उपस्थित नहीं होने के बाद सोमवार को नेशनल हेराल्ड धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। यह दूसरा मौका है जब ईडी ने शिवकुमार और उनके भाई व कांग्रेस सांसद सुरेश कुमार को तलब किया है। उन पर अतीत में यंग इंडिया लि.(वायआईएल) को एक अनिर्दिष्ट राशि दान करने का आरोप लगाया गया है। नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी जमानत पर हैं। वायआईएल के बहुसंख्यक शेयरधारक हैं।

**नेशनल हेराल्ड मामला**

उन्होंने कहा कि मुझे ईडी ने तलब किया है। एजेंसी ने कई सवाल किए और हमने उन सभी का जवाब दिया। लेकिन मैं यह नहीं बता सकता कि उन्होंने क्या सवाल पूछे। श्री शिवकुमार ने कहा कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है (दान देना) ... कई शुभचिंतकों ने ऐसा किया है। वह उज्जैन के महाकाल मंदिर में दर्शन कर ईडी कार्यालय आए थे।

श्री शिवकुमार ने पहले से तय कार्यक्रमों की व्यस्तता का हवाला देते हुये ईडी सम्मन की निर्धारित तारीख पर उपस्थित नहीं हुए थे। इससे पहले, ईडी ने मामले में पिछले कुछ महीनों में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे और पवन बंसल सहित अन्य कांग्रेस नेताओं से पूछताछ की थी।

### कश्मीर में मौसम की पहली बर्फबारी



कश्मीर घाटी के कुछ हिस्सों में सोमवार को मौसम की पहली बर्फबारी देखी गई । श्रीनगर में सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस, पहलगाम में 0.6 और गुलमर्ग में माइनस 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पड़ोसी केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की राजधानी लेह में तापमान माइनस 5 डिग्री , द्रास में माइनस 3.5, करगिल में माइनस 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# एमपीसीए के खिलाफ शिकायत पर सीएम ने दिए जांच के आदेश

**इंदौर, (आरएनएन)।** एमपीसीए के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत में मुख्यमंत्री ने खेल विभाग को जांच के आदेश दिए। एमपी अगेंस्ट एमपीसीए करप्शन के व्हिसल ब्लोअर और कांग्रेस प्रदेश सचिव राकेश सिंह यादव की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने एमपीसीए के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं।

सीएमओ ने प्रदेश सचिव यादव को ई मेल के माध्यम से जानकारी दी गई। दरअसल एमपीसीए में भ्रष्टाचार एवं मनोरंजन कर सहित जीएसटी टैक्स चोरी करने के साथ टिकटों की कालाबाजारी के संदर्भ में एमपीसीए अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर और सीईओ रोहित पंडित के खिलाफ भ्रष्टाचार के सबूत सामने लाकर एमपीसीए के काले कारनामों का भंडाफोड़ यादव ने किया था। विभिन्न जॉच एजेंसियों को शिकायत के बाद अब मुख्यमंत्री ने जांच शुरू करके भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश देने की दिशा में कदम बढ़ाया है। यादव ने बताया क्रिकेट खिलाड़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले भ्रष्ट अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर व सीईओ रोहित पंडित के खिलाफ अब सरकार का घेरा सख्त होने वाला हैं।।

**घोषणा** खेल पुरस्कार 2022 का ऐलान, खिलाड़ियों को 30 को समारोह में किया जाएगा सम्मानित

# अचंत शरत कमल को ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



टेबल टेनिस स्टार अचंत शरत कमल को देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। 30 नवंबर को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2022 समारोह के दौरान उन्हें यह अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

अचंत शरत कमल टेबल टेनिस में एक बड़ा नाम हैं और वह राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदकों की झड़ी (कुल सात गोल्ड मेडल) लगा चुके हैं। केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी की सूची में 25 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस लिस्ट में बैडमिंटन खिलाड़ियों एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन, एल्डोस पॉल, अविनाश साबले, बॉक्सर निकहत जरीन जैसे स्टार्स का नाम भी शामिल है। इसके साथ ही सात कोचों को द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए चुना गया है।

### अर्जुन पुरस्कारों की सूची

सीमा पुनिया (एथलेटिक्स), एल्डोस पॉल (एथलेटिक्स), अविनाश मुकुंद साबले (एथलेटिक्स), लक्ष्य सेन (बैडमिंटन), एचएस प्रणय (बैडमिंटन), अमित (मुक्केबाजी), निकहत जरीन ( बॉक्सिंग), भक्ति प्रदीप कुलकर्णी (शतरंज), आर प्रज्ञानानंद (शतरंज), दीप ग्रेस एक्का (हॉकी), सुशीला देवी (जूडो), साक्षी कुमारी (कबड्डी), नयन मोनी सैकिया (लॉन बॉल), सागर कैलास ओवलकर (मलखंभ), इलावेनिल वलारिवन (शूटिंग), ओमप्रकाश मिथरवाल (शूटिंग), श्रीजा अकुला (टेबल टेनिस), विकास ठाकुर (भारोत्तोलन), अंशु (कुश्ती), सरिता (कुश्ती), परवीन (वुशु), मानसी गिरीशचंद्र जोशी (पैरा बैडमिंटन), तरुण ढिल्लन (पैरा बैडमिंटन), स्वप्निल संजय पाटिल (पैरा स्विमिंग), जेरलिन अनिका जे (बधिर बैडमिंटन)। **द्रोणाचार्य पुरस्कार (नियमित श्रेणी में कोचों के लिए):** जीवनजोत सिंह तेजा (तीरंदाजी), मोहम्मद अली कमर (मुक्केबाजी), सुमा सिद्धार्थ शिरूर (पैरा शूटिंग), सुजीत मान (कुश्ती)।

### रोहित शर्मा के कोच होंगे सम्मानित

खास बात यह है कि इस बार किसी क्रिकेटर को अर्जुन अवॉर्ड या खेल रत्न से सम्मानित नहीं किया जा रहा है। केवल द्रोणाचार्य अवॉर्ड (लाइफटाइम कैटेगरी) की लिस्ट में दिनेश लाड को चुना गया जो जाने–माने क्रिकेट कोच हैं। दिनेश लाड भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को भी कोचिंग दे चुके हैं।

# टीएमसी नेता के बयान पर ममता ने मांगी माफी

**कोलकाता ■ एजेंसी**



टीएमसी नेता अखिल गिरि ने राष्ट्रपति मुर्मू को लेकर विवादित बयान दिया था। उनकी तरफ से नंदीग्राम में एक कार्यक्रम के दौरान कहा गया था कि हम किसी को उनकी शक्ल से नहीं आंकते। लेकिन हमारी राष्ट्रपति कैसी दिखती हैं? उनके इस बयान ने टीएमसी को मुश्किल में डाल दिया था।

अब खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उनकी तरफ से इस विवाद पर माफी मांगी गई है। उन्होंने कहा है कि मेरे विधायक ने राष्ट्रपति को लेकर जो कहा है, उसके लिए माफी मांगती हूं। मेरी पार्टी पहले भी इस विवाद पर माफी मांग चुकी है। मैं राष्ट्रपति का बहुत सम्मान करती हूं। देश की राष्ट्रपति का सम्मान किया जाना चाहिए। अखिल गिरि इस प्रकार का बयान नहीं दे सकते हैं। हमने उन्हें चेतावनी दे दी है। अब सीएम ममता की तरफ से विवाद को शांत करने की कोशिश तो की गई है, लेकिन भाजपा ने इसे पश्चिम बंगाल में बड़ा मुद्दा बना दिया है।

दखल

# बढ़ती भुखमरी और भोजन की बर्बादी



एक तरफ दुनिया भुखमरी का दंश झेल रही है, तो दूसरी तरफ करोड़ों टन अन्न बर्बाद हो रहा है। इससे सवाल उठता है कि मानव जिस सभ्यता की ऊंचाई पर है, क्या उसकी जड़ों को नहीं पहचान पा रहा है? दूसरा कि क्या मानव यह समझने में नाकाम है कि पृथ्वी एक सीमा के बाद भोजन देने में सक्षम नहीं है? गौरतलब है कि पृथ्वी दस अरब लोगों का ही पेट भर सकती है और अब दुनिया आठ अरब की आबादी के आसपास खड़ी है।

**भारतीय** संस्कृति में यह मान्यता है कि जहां अन्न का अपमान होता है वहां लक्ष्मी का वास नहीं होता। मगर अब लोग शायद इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। विकसित और विकासशील देशों में भोजन की बर्बादी का सिलसिला लगातार जारी है। इस मामले में चीन पहले और भारत दूसरे स्थान पर है। हैरत की बात है कि दुनिया में जहां 83 करोड़ से अधिक लोग भूखे सो जाते हैं, वहीं खाने की बर्बादी कई करोड़ टन रोज की दर से हो रही है। यूएनईपी की ताजा रिपोर्ट से पता चलता है कि चीन हर साल 9.6 करोड़ टन भोजन बर्बाद करता है और भारत 6.87 करोड़ टन। अमेरिका 1.93 करोड़ टन। 'यूएनईपी फूड इंडेक्स 2021' की रिपोर्ट के अनुसार 2019 में पूरी दुनिया में तिरानबे करोड़ टन से अधिक खाना बर्बाद हुआ। अब यह आंकड़ा और बड़ा हो चुका है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 19 करोड़ लोग रोजाना भूखे सो जाते हैं।

भारत में खाद्य उत्पाद का 40 फीसद हिस्सा बर्बाद होता है। यानी सालाना 92 हजार करोड़ रुपए का भोजन कूड़ेदान में चला जाता है। आश्चर्य की बात यह भी है कि ताजा भूख सूचकांक में भारत 101वें से खिसक कर 107वें स्थान पर चला गया है, जो भोजन की बर्बादी और भूख के बीच एक नई चिंता की ओर इशारा कर रहा है। भारत में भोजन की बर्बादी जागरूकता, संवेदनशीलता और भूख के प्रति चिंतन से ही रुक सकती है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने प्रथम विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर 'कम खाओ, सही खाओ' मुहिम को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया और इस संकल्प पर जोर दिया कि एक भी दाना बर्बाद नहीं होना चाहिए। देश की शीर्ष अदालत ने दिशा-निर्देश दिया था कि सभी वैवाहिक स्थल, होटल, मोटल और फार्म हाउस में होने वाले शादी समारोहों में भोजन की बर्बादी को रोका जाना चाहिए।

इसमें कोई दुविधा नहीं कि मानव सभ्यता में अन्न का पहला और सबसे बड़ा योगदान है। यह सभ्य समाज के लिए बड़ी चुनौती है कि करोड़ों भूखे क्यों और कैसे सो रहे हैं। भोजन की बर्बादी से न केवल सरकार, बल्कि सामाजिक संगठन भी चिंतित हैं। बावजूद इसके यह सिलसिला थम नहीं रहा है। इस बात पर भी गौर करने की आवश्यकता है कि खाने की बर्बादी का मुख्य कारण क्या है। आमतौर पर बड़े देशों में ज्यादातर खाना खेत और बाजार के बीच होता है। भोजन का खराब भंडारण और संचालन, खराब पोषण, अपर्याप्त आधारभूत संरचना, घरों में खाने की बर्बादी, रखरखाव में लापरवाही, फलस्वरूप भोजन की खराबी और कूड़ेदान तक पहुंच स्वाभाविक हो जाती है।

यह अजीब है कि एक तरफ दुनिया भुखमरी का दंश झेल रही है, तो दूसरी तरफ करोड़ों टन अन्न बर्बाद हो रहा है। इससे सवाल उठता है कि मानव जिस सभ्यता की ऊंचाई पर है, क्या उसकी जड़ों को नहीं पहचान पा रहा है? दूसरा, कि क्या मानव यह समझने में नाकाम है कि पृथ्वी एक सीमा के बाद भोजन देने में सक्षम नहीं है? गौरतलब है कि पृथ्वी दस अरब लोगों का ही पेट भर सकती है और अब दुनिया आठ अरब की आबादी के आसपास खड़ी है। भोजन फेंकने की आदत पूरी दुनिया में एक अपसंस्कृति बन गई है। अनुमान है कि 2050 तक दुनिया भर में अपशिष्ट भोज्य पदार्थों की बर्बादी दोगुनी हो सकती है और यह बर्बादी इसी दर पर जारी रही तो 2030 तक दुनिया भर में भुखमरी उन्मूलन के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित लक्ष्य 'जीरो हंगर' का उद्देश्य हासिल करना मुश्किल होगा। बड़े होटलों या पार्टियों में अतिरिक्त भोजन के साथ विभिन्न रूपों में खाद्य सामग्री परोसने की आदत के चलते बर्बादी में बढ़ोतरी हुई है।

इस बात का समर्थन सभी करेंगे कि भोजन की बर्बादी न केवल सामाजिक और नैतिक अपराध, बल्कि अन्न के प्रति स्वयं का बिगड़ा हुआ अनुशासन है। यह न केवल भुखमरी को अवसर दे रहा है, बल्कि पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों को भी बढ़ा रहा है। अध्ययन से पता चलता है कि थाली के जूठन से पर्यावरणीय दुष्प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। 'वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट आफ राकफेलर फाउंडेशन' द्वारा किए गए शोध के अनुसार भोजन की बर्बादी के चलते ग्रीन हाउस गैसों में आठ से दस फीसद तक की बढ़ोतरी होती है। जाहिर है, ग्लोबल वार्मिंग के लिहाज से भी भोजन की बर्बादी एक समस्या बनी हुई है। इतना ही नहीं, भोजन के सड़े-गले अवशेष से कई बीमारियां जन्म लेती हैं। आंकड़े बताते हैं कि अवशिष्ट भोजन से हर साल साढ़े चार गीगा टन कार्बन डाईआक्साइड का उत्सर्जन होता है। पेरिस जलवायु समझौते में दुनिया से दो डिग्री सेल्सियस तापमान घटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अगर भोजन की बर्बादी पर विराम लग जाए तो ग्रीन हाउस गैसों में न केवल कटौती होगी, बल्कि जलवायु परिवर्तन की समस्या के साथ-साथ भुखमरी की समस्या से भी कमोबेश निजात मिल सकती है। एक अच्छी आदत से ही भोजन की बर्बादी को कम किया जा सकता है और यह अच्छी आदत बच्चों को बड़े सिखाएं और बड़े अन्न की कद्र करें तथा होटल और रेस्तरां में परोसी गई थाली की कीमत रुपए से आंकने के बजाय जरूरत और जीवन के आधार पर आंकी जाए, ताकि भोजन की बर्बादी रोकी जा सके। बर्बाद होते भोजन और इससे बढ़ती समस्या से पार पाने के मकसद से दुनिया के तमाम देशों में सरकारी नीतियां बनाई और जागरूकता पैदा करने के लिए कई सराहनीय पहल भी की जा रही हैं। गौरतलब है कि संसार के कई देशों में 2030 तक भोजन की बर्बादी को आधा करने का लक्ष्य बनाया है। सबसे पहला नाम आस्ट्रेलिया का है। आस्ट्रेलिया में एक व्यक्ति एक वर्ष में 102 किलोग्राम खाना बर्बाद करता है।

इसके चलते अर्थव्यवस्था पर हर साल बीस मिलियन डालर का नुकसान होता है। ऐसे में यहां अन्न की बर्बादी रोकने में जुड़ी संस्थाओं को सरकार प्रोत्साहन दे रही है और अच्छा-खासा निवेश कर रही है। नार्वे मानव विकास सूचकांक के मामले में शीर्ष देशों में शामिल है, जबकि वहां भी हर साल साढ़े तीन लाख टन भोजन कूड़ेदान में जाता है। यहां का एक नागरिक भी 68 किलो भोजन बर्बाद कर देता है। इसने भी 2030 तक इस बर्बादी को आधा करने का नियोजन बनाया है। चीन भोजन बर्बादी के मामले में अव्वल है। अब वहां 'आपरेशन एंप्टी प्लेट' नीति के तहत थाली में खाना छोड़ने पर रेस्तरां में जुर्माना लगाया जा रहा है। यूरोपीय देशों में फ्रांस दुनिया का पहला देश है, जिसने सुपर मार्केट को बिना बिका भोजन बाहर फेंकने पर साल 2016 में प्रतिबंधित कर दिया था। गौरतलब है कि फ्रांस और इटली जैसे देशों में ऐसे भोजन को दान देने पर जोर दिया जा रहा है।

कुछ इसी तर्ज पर लंदन, स्टाकहोम, कोपेनहेगन, न्यूजीलैंड के आकलैंड और इटली के मिलान जैसे शहरों में अतिरिक्त भोजन को जरूरतमंदों के बीच बांटने का काम होता है। भारत में रोटी बैंक के माध्यम से भोजन को जरूरतमंदों के बीच बांटा जा रहा है। ऐसी संस्थाओं के प्रति लोगों की चेतना और जागरूकता बढ़नी चाहिए, ताकि बचे हुए भोजन को बर्बाद होने से पहले भूखे लोगों तक पहुंचाया जा सके। मगर विडंबना है कि देश गरीबी और भुखमरी की राह पर सरपट दौड़ रहा है और भोजन की बर्बादी के प्रति लोगों की संवेदनशीलता खत्म होती जा रही है।

**सुशील कुमार सिंह**
(वरिष्ठ पत्रकार)

# हेलिकाप्टर हादसों पर उठते सवाल

**उत्तराखंड** के गरुड़चट्टी हेलिकाप्टर हादसे के बाद दिवाली से ठीक पहले अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सियांग जिले में भारतीय सेना का हेलिकाप्टर 'रुद्र' दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें सवार दो पायलट तथा तीन अन्य लोगों की मौत हो गई। इस हादसे से 16 दिन पहले भी अरुणाचल प्रदेश के ही तवांग इलाके के पास चीता हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें एक पायलट की मौत हो गई। एक ही महीने में दो ऐसे हादसे हेलिकाप्टरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल पैदा करते हैं। बीते वर्ष चेन्नई के पास हुए वायुसेना के एमआई-17 हेलिकाप्टर हादसे में सीडीएस बिपिन रावत सहित 14 लोगों की मौत हो गई थी। उस भयानक हादसे के बाद लोकसभा में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में रक्षा राज्यमंत्री ने 2017 से 2021 के बीच हुए हादसों की जानकारी देते हुए बताया था कि इन वर्षों में कुल 17 सैन्य हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुए, जिनमें 36 सैन्य कर्मियों की जान चली गई। हालांकि इन आंकड़ों के बाद भी कई सैन्यकर्मियों की ऐसे हादसों में मौत हुई है।

पिछले साल ऐसे पांच हादसे घटित हुए, जिनमें 19 सैन्यकर्मी मौत की नींद सो गए और कुछ गंभीर रूप से घायल हुए। सेना में हेलिकाप्टरों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है, जो सैन्य कार्रवाईयों के अलावा सामान आदि पहुंचाने और सैनिकों के आने-जाने के लिए इस्तेमाल में लाए जाते हैं। आमतौर पर सैन्य हेलिकाप्टरों का इस्तेमाल आतंकी हमलों से निपटने, बाढ़ पीड़ित इलाकों, भूस्खलन वाले पर्वतीय क्षेत्रों में बचाव कार्यों में किया जाता रहा है। इसके अलावा सियाचिन जैसे दुर्गम इलाकों में तैनात जवानों तक भोजन तथा अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाने के लिए भी इनका इस्तेमाल होता है। ऐसे में हेलिकाप्टरों का लगातार दुर्घटनाग्रस्त होना चिंता का विषय है। सवाल है कि सैन्य हेलिकाप्टर कुछ वर्षों में लगातार दुर्घटनाग्रस्त क्यों हो रहे हैं? इन हादसों के पीछे तकनीकी कारण जिम्मेदार हैं या मौसम की खराबी?

निस्संदेह कई बार मौसम की खराबी के कारण भी ऐसे हादसे हो जाते हैं, लेकिन इसका एक बड़ा कारण तकनीकी खराबी तथा सुरक्षा मानकों का अभाव भी है। सेना के पास वर्तमान में करीब 190 चीता और 134 चेतक हेलिकाप्टर हैं, जिनमें 70 फीसद से अधिक 30 साल से ज्यादा पुराने हैं। भारतीय सशस्त्र बलों के मुख्य हवाई बेड़े में शामिल चेतक हेलिकाप्टर ने तो देश की सेवा में करीब छह दशक पूरे कर लिए हैं। वायुसेना की ओर से कहा जा चुका है कि इन हेलिकाप्टरों में से अधिकांश का तकनीकी जीवन 2023 से खत्म होना शुरू हो जाएगा।



अत्याधुनिक तकनीक से लैस होने के बावजूद सेना के आधुनिक हेलिकाप्टर भी हादसों के शिकार क्यों हो रहे हैं? इन हेलिकाप्टरों की तकनीक में ऐसी कोई बड़ी खामी है, जिससे खराब मौसम का पूर्वानुमान लगाने में कामयाबी नहीं मिल पा रही है या कारण कुछ और हैं? इन सवालों के जवाब तत्काल खोजने चाहिए, क्योंकि हादसों से जान और माल दोनों की हानि हो रही है।

विशेषज्ञों के मुताबिक चीता हेलीकाप्टर भी अपनी तयशुदा उम्र से ज्यादा सेवा दे रहे हैं, जिनका निर्माण 1990 में ही रोक दिया गया था। इन्हें उन्नत करने से कोई लाभ नहीं होने वाला, क्योंकि तकनीकी जीवन भी खत्म हो चुका है। हालांकि आर्मी एविएशन द्वारा चीता और चेतक हेलिकाप्टरों के पुराने बेड़े को हटाने की तैयारियां तेज हो चुकी हैं, लेकिन चिंता का कारण यही है कि अंतिम विदाई से पहले ही ये हेलिकाप्टर निरंतर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं और इन हादसों में हमारे बेशकीमती पायलट तथा सैन्यकर्मी जान गंवा रहे हैं।

बीते पांच वर्षों में पांच चीता हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं, जिनमें से एक पिछले महीने के पहले हफ्ते में ही दुर्घटनाग्रस्त हुआ। भारतीय सेना में नौ प्रकार के लड़ाकू हेलिकाप्टरों के अलावा कुछ अन्य हेलिकाप्टर भी हैं, जिनमें से कुछ देश में ही विकसित किए गए हैं, जबकि कुछ का निर्माण अमेरिकी और रूसी कंपनियों द्वारा किया गया है, लेकिन बार-बार दुर्घटनाग्रस्त होने से इनकी सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। पुराने हो चुके चीता और चेतक हेलिकाप्टरों के अलावा नए एएलएच और रूसी मूल के एमआइ-17 वी-5 हेलिकाप्टर भी हादसों के शिकार हो रहे हैं। 2017 से अब तक सात एएलएच दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं और कुछ एमआइ-17 वी-5 भी दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं।

एएलएच श्रेणी में भारतीय सेना के चार हेलिकाप्टर रुद्र, ध्रुव, लाइट यूटिलिटी हेलिकाप्टर तथा प्रचंड आते हैं। इनमें प्रचंड पूरी तरह से हमलावर हेलिकाप्टर है, जबकि रुद्र तथा ध्रुव का इस्तेमाल युद्ध और बचाव कार्यों में भी किया जाता है। वायुसेना के पास करीब 223 एमआइ-17 रूसी हेलिकाप्टर हैं, जिसे दो पायलट और एक इंजीनियर मिलकर उड़ाते हैं। इसमें 24 जवान या 12 स्ट्रेचर या चार हजार किलोग्राम तक वजन ले जाया जा सकता है। इसमें राकेट, एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल या दो मशीनगन और टैंकों को ध्वस्त करने के लिए बम भी लगाए जा सकते हैं। 60.7 फुट लंबे और 18.6 फुट ऊंचे इस हेलिकाप्टर की अधिकतम गति 280 किलोमीटर प्रतिघंटा तथा रेंज आठ सौ किलोमीटर है और यह अधिकतम बीस हजार फुट की ऊंचाई तक जा सकता है।

जहां तक अरुणाचल में 21 अक्टूबर को दुर्घटनाग्रस्त हुए रुद्र हेलिकाप्टर की बात है, वह हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित पहला स्वदेशी सशस्त्र हेलिकाप्टर है, जिसे विशेष रूप से भारतीय सेना के लिए युद्धक हेलिकाप्टर के तौर पर ही तैयार किया गया है। यह हेलिकाप्टर विशेष रूप से चीन के साथ लगती नियंत्रण रेखा के साथ संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किए गए हैं और 5.8 टन वजनी यह हेलिकाप्टर भारत द्वारा मित्र देशों को भी बेचा जा रहा है। 52.1 फीट लंबा, 10.4 फीट चौड़ा और 16.4 फीट ऊंचा तथा 280 किलोमीटर प्रतिघंटा की अधिकतम गति से उड़ने में सक्षम रुद्र एक हथियारबंद 'यूटिलिटी हेलिकाप्टर' है, जिसे दो पायलट उड़ाते हैं और इसमें बारह जवान बैठ सकते हैं। इसकी उड़ान सीमा 590 किलोमीटर है और यह अधिकतम बीस हजार फुट की ऊंचाई तक जा सकता है। रुद्र में 20 मिमी की एक एम 621 कैनन, 2 मिस्ट्रल राकेट, 4 एफजेड 275 एलजीआर मिसाइल, 4 ध्रुवास्त्र मिसाइल तैनात की जा सकती हैं। फिलहाल सेना के पास पचहत्तर और वायुसेना के पास 16 रुद्र हेलिकाप्टर हैं।

इन अत्याधुनिक हेलिकाप्टरों के दुर्घटनाग्रस्त होने का प्रमुख कारण खराब मौसम माना जाता रहा है। ऐसे में सवाल यही है कि खराब मौसम की वजह से बार-बार होने वाले हेलिकाप्टर हादसों से कोई सबक लेकर ऐसे कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे, जिससे ऐसे हादसों को रोका जा सके। इन सवालों की तह में जाना बेहद जरूरी है कि अत्याधुनिक तकनीक से लैस होने के बावजूद सेना के आधुनिक हेलिकाप्टर भी हादसों के शिकार क्यों हो रहे हैं? क्या इन हेलिकाप्टरों की तकनीक में ऐसी कोई बड़ी खामी है, जिससे खराब मौसम का पूर्वानुमान लगाने में कामयाबी नहीं मिल पा रही है या कारण कुछ और हैं? विशेषज्ञों के मुताबिक सैन्य हेलिकाप्टरों में अन्य सुरक्षा मानकों के साथ-साथ बाधा आज्ञाकारिता प्रणाली भी होनी चाहिए, जिसका कई हेलिकाप्टरों में अभाव है। लगातार होती दुर्घटनाओं को देखते हुए इनका सुरक्षा आडिट तथा चालक दल के सदस्यों का विधिवत प्रशिक्षण अनिवार्य करने की सख्त जरूरत है।

**योगेश कुमार गोयल**
(वरिष्ठ पत्रकार)

# एलएसी पर तनाव कम होने के संकेत

भारत और चीन के बीच लद्दाख में सीमा विवाद को लेकर लंबे समय से बनी तनाव की स्थिति बदलने के संकेत मिले हैं। भारत लंबे समय से मुद्दों को हल करने पर जोर देता रहा है। अब चीन की तरफ से जो पहल की जा रही है, वह स्वागत योग्य है।



भारत और चीन के बीच लद्दाख में सीमा विवाद को लेकर लंबे समय से बनी तनाव की स्थिति बदलने के संकेत मिले हैं। यह संकेत चीन की तरफ से आए हैं। कहा जा रहा है कि जिनपिंग ताइवान–दक्षिण चीन सागर पर फोकस करेंगे। दो मोर्चों पर एक साथ जिनपिंग ध्यान नहीं दे सकते। पूर्वी थिएटर कमांडर जनरल हे वेइदॉन्ग ने संकेत दिया है कि राष्ट्रपति जिनपिंग ताइवान और पूर्वी चीन सागर पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। कमांडर जनरल का बयान सही हो सकता है क्योंकि ताइवान पिछले कुछ दिनों में चीनी लड़ाकों व युद्धपोतों की लगातार घुसपैठ का सामना कर रहा है। 20 लाख से अधिक अधिकारियों और जवानों वाली दुनिया की सबसे बड़ी सेना को राष्ट्रपति जिनपिंग हाल ही में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया ऐसे बदलावों से गुजर रही है जो पिछली एक सदी में नहीं देखे गए। उन्होंने कहा कि चीन की राष्ट्रीय सुरक्षा बढ़ती अस्थिरता व अनिश्चितता के खतरे का सामना कर रही है। सेना के सामने कठिन कार्य है।

राष्ट्रपति ने अपने भाषण में किसी देश विशेष का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका यह बयान संसाधन संपन्न हिंद–प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामक सैन्य गतिविधियों को लेकर बढ़ती अंतरराष्ट्रीय चिंता के बीच आया है। डब्लूएमसीसी की बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान से भी विवादित जगहों के समाधान के संकेत मिले हैं। हालांकि, यह कार्य बहुत कठिन है। पीएलए डीबीओ सेक्टर में देपसांग मैदानों और डेमचोक में सीएनएन जंक्शन पर अपना पूर्ण नियंत्रण नहीं छोड़ना चाहेगी। इन दोनों जगहों को लेकर विवाद अप्रैल 2020 में गालवान, गोगरा–हॉट स्प्रिंग्स और पैंगोंग त्सो सेक्टरों में बड़े तनाव से पहले से चला आ रहा है। इन सबके बावजूद मोदी सरकार और भारतीय सेना सीमा विवाद को लेकर महज बयानों पर निर्भर नहीं रहने वाली है। जो बातें कहीं जा रही हैं, उनका जमीन पर उतरना भी जरूरी है। तभी दो दिन पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने साफ तौर पर कहा कि बीजिंग को बॉर्डर को लेकर हुए समझौतों को मानना ही होगा।

साथ ही दोनों देशों में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए चीन को 3488 किलोमीटर लंबी एलएसी पर एकतरफा सैन्य कार्रवाई से बचना होगा। मालूम हो कि भारत की चीन से लगती सरहद पर 30 महीने से अधिक समय से गतिरोध जारी है। कुल मिलाकर, पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के बीच गतिरोध जिस तरह से खिंचता जा रहा है, वह किसी भी रूप में अच्छा संकेत नहीं है। चीन के रवैए को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर कई मौकों पर अपनी चिंता और नाराजगी का इजहार कर चुके हैं। गलवान घाटी में संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर वार्ताओं के जितने भी दौर चले और उनमें चीन की ओर से जितने आश्वासन दिए गए, उनमें से उसने अपना एक भी वादा नहीं निभाया।

## ट्विटर



पूर्वी लद्दाख में स्थिति स्थिर, लेकिन अप्रत्याशित है। भारत मुद्दों के समाधान के लिए चीन के साथ सैन्य वार्ता के अगले दौर को लेकर आशावादी है।

**मनोज पांडे, सेना प्रमुख**


भारत और चीन के बीच अगले दौर की सैन्य वार्ता में डेमचोक और देपसांग पर बात होनी चाहिए, क्योंकि यहीं से समाधान का रास्ता निकलेगा।



**कमर आगा, रक्षा विशेषज्ञ**

## सत्यार्थ

# रसगुल्ले की जड़



मध्य पूर्वी देश से एक ईरानी शेख व्यापारी महाराज कृष्णदेव राय का अतिथि बन कर आता है। महाराज अपने अतिथि का सत्कार बड़े भव्य तरीके से करते हैं और उसके अच्छे खाने और रहने का प्रबंध करते हैं, और साथ ही कई अन्य सुविधाएं भी प्रदान करते हैं। एक दिन भोजन पर महाराज का रसोइया शेख व्यापारी के लिए रसगुल्ले बना कर लता है। व्यापारी कहता है कि उसे रसगुल्ले नहीं खाने है। पर हो सके तो उन्हे रसगुल्ले की जड़ क्या है यह बताए। रसोइया सोच मे पड़ जाता है। और अवसर आने पर महाराज कृष्णदेव राय को व्यापारी की मांग बताता है। महाराज रसगुगुल्ले की जड़ पकड़ने के लिए अपने चतुर मंत्री तेनालीराम को बुलाते हैं। तेनालीराम झट से रसगुल्ले की जड़ खोजने की चुनौती का प्रस्ताव स्वीकार कर लेते हैं। वह एक खाली कटोरे और धार दार छुरी की मांग करते हैं और महाराज से एक दिन का समय मांगते हैं।

अगले दिन रसगुल्ले की जड़ के टुकड़ो से भरे कटोरे को, मलमल से ढके कपड़े मे ला कर राज दरबार में बैठे ईरानी शेख व्यापारी को देते हैं और उसे कपड़ा हटा कर रसगुल्ले की जड़ देखने को कहते हैं। ईरानी व्यापारी कटोरे में गन्ने के टुकड़े देख कर हैरान हो जाता है। और सारे दरबारी तथा महाराज कृष्णदेव राय, तेनालीराम से पूछते है के यह क्या है? चतुर तेनालीराम समझाते हैं के हर एक मिठाई शक्कर से बनती है और शक्कर का स्रोत गन्ना होता है। इस लिए रसगुल्ले की जड़ गन्ना है। तेनालीराम के इस गणित से सारे दरबारी, ईरानी व्यापारी और महाराज कृष्णदेव राय प्रफुल्लित हो कर हंस पड़ते हैं। और तेनालीराम के तर्क से सहमत भी होते हैं।

**विनोद खत्री**

## बाल दिवस के अवसर पर छात्रों को यातायात , उनके भविष्य के बारे में जागरूक करते हुए सफलता के मंत्र दिए गए




**अमर ख़्याल , राहुल कुमार**

**रामपुर।** एसपी अशोक कुमार शुक्ला में नेतृत्व में सोमबार को बाल दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी मिलक अतुल पाण्डेय द्वारा हरिटेज चिल्ड्रेन एकेडमी मिलक, रामपुर में जाकर छात्रों को सम्बोधित किया गया एवं उनको जागरूक नागरिक के रूप में यातायात के नियमों के बारे में जानकारी देते हुए उनके भविष्य के बारे प्रोत्साहित किया गया। अनुशासन, समयबद्धता, और समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति हेतु छात्र को समर्पित होने का मंत्र दिया। छात्रों द्वारा स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर रंगा-रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अच्छा प्रर्दशन करने वाले छात्रों को उत्साहवर्द्धन हेतु पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाध्यापक सहित अध्यापकगण मौजूद रहे।

## यातायात माह के अन्तर्गत पुलिस द्वारा छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक



**अमर ख़्याल , राहुल कुमार**

**रामपुर।** एसपी के दिशा निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के मार्गदर्शन में यातायात उप निरीक्षक सुमित कुमार मय यातायात कर्मचारीगणों द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा यातायात माह नवंबर-2022 के अन्तर्गत यातायात जागरूकता के अवसर पर विद्या मंदिर इंटर गर्ल्स कॉलेज में यातायात जागरूकता से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए तथा छात्राओं को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य अंजू गुप्ता स्कूल समस्त स्टाफ मौजूद रहा

## ग्रेस पब्लिक स्कूल मे फातमा स्कूल में बाल मेला का आयोजन



**अमर ख्याल , अहमद रजा**

**बलरामपुर** जिले के ग्रेस पब्लिक स्कूल, फातिमा स्कूल के बच्चों ने सोमवार को बाल मेला में खूब मस्ती की. बाल मेला में नन्हे मुन्हे बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद रहे, सभी ने कार्यक्रम को खूब सराहा बाल मेला का उद्घाटन कक्षा 8 स्कूल की प्राचाय चरणजीत सिंह उर्फ बॉबी ने किया. मेले के कई प्रकार के खेल-कूद और खाने-पीने के व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया था, जिसका बच्चों और अभिभावकों ने जमकर लुत्फ उठाया.बाल मेला का मुख्य आकर्षण बेबी शो रहा. मेले में स्कूल प्रबंधन द्वारा डांस, ड्राइंग, एबोक्स, मिड ब्रेन एक्टिवेशन में बच्चों द्वारा डेमो दिया गया

## सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत यातायात नियमों का करें पालन



**अमर ख्याल , अहमद रजा**

**बलरामपुर ।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यातायात माह नवम्बर में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत कस्बे के सड़कों व चौराहों पर आमजनमानस को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया ।क्षेत्राधिकारी यातायात ज्योतिश्री द्वारा यातायात माह नवम्बर में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत कस्बे के सड़कों व चौराहों पर ऑटो रिक्शा चालकों को यातायात नियमों के बारे में में जागरूक कर बताया गया कि ऑटो व ई-रिक्शा वाहनों में मानक के अनुसार ही लोगो को बैठाया जाये जिससे सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके । तथा नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये गये। आमजनमानस को पंपलेट बांटकर यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया तथा लोगों को हेलमेट लगाने व सीट बेल्ट लगाने की हिदायत दी गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये

## युवती ने पटवाई थाने पहुंचकर स्टेट बैंक बीसी संचालक के खिलाफ दिया शिकायत पत्र

### बीसी संचालक पर युवती के पैसे हड़पने का आरोप

**अमर ख्याल , राहुल कुमार पटवाई ( रामपुर )** पटवाई थाना क्षेत्र के मिलक रोड पर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के करीब में एक स्टेट बैंक बीसी है जिसका संचालक रियासत हुसैन करता है और स्टेट बैंक से संबंधित पैसे का लेनदेन करता है युवती पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव की है रहने वाली युवती का आरोप है कि रियासत हुसैन की बीसी पर मैं कई सालों से कार्यरत है मेरे घर मे किसी परेशानी कारण उसकी यहां से काम छोड़ दिया जिस कारण वह मेरा दस हजार रुपये नहीं दे रहा है अगर मैं उसके पास पैसे लेने जाती हूं तो वह मुझे धमकी देता है और पैसे भी नहीं देता है मुझसे बोलता है कि जो करना है कर ले मैं तेरे पैसे नहीं दूंगा तुझे पुलिस में शिकायत करनी है कर ले मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता जब युवती ने इसका विरोध किया

# बैठक में आय व्यय पर हुई चर्चा

अमर ख्याल



बहराइच । सतरुपा अष्टभुजा दुर्गा मन्दिर एव सामाजिक सेवा समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष डी के श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।बैठक में एजेंडा के अनुसार डा वीरांगना कान्त द्वारा नवरात्रि के कार्यक्रम के आय ब्यय के ब्यौरे साथ साथ हनुमान मन्दिर के निर्माण में प्राप्ति और ब्यय का हिसाब प्रस्तुत किया गया ।समिति के अध्यक्ष द्वारा मन्दिर निर्माण में 2017 से 31 अक्टूबर 2022 तक प्राप्ति और ब्यय का हिसाब अवलोकन के लिए प्रस्तुत किया ।बैठक में हनुमान मन्दिर के निर्माण की रूपरेखा पर चर्चा हुई ।सर्वसम्मति से हनुमान मन्दिर के निर्माण के लिए चन्दा रसीद छपवाने का निर्णय लिया गया ।डा कान्त ने समिति के सभी सम्मानित सदस्यो से मन्दिर प्रांगण में कम से कम एक बार सपरिवार आने का अनुरोध किया गया ।मन्दिर की ब्यवस्था हेतु उप कमेटी के गठन का प्रस्ताव खारिज करते हुए मन्दिर की ब्यवस्था में होने वाले खर्च हेतु आय बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में महाआचार्य पंडित राम उजागर मिश्र, सन्त बहादुर वर्मा,अभिलाष श्रीवास्तव, नयन जैसवाल, संजय गुप्ता, बनारस गिरी दोनों पंकज कुमार गुप्ता,दिलीप कुमार गुप्ता,राम फेरन विश्वकर्मा,राजेन्द्र प्रकाश मित्तल,पवन गुप्ता,राम गोपाल मिश्र,जगदीश शर्मा,पुरोहित संतोष पांडेय आदि की उपस्थिति में बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई

## गैंगस्टर एक्ट में वंचित में आरोपी गिरफ्तार



**अमर ख्याल। राहुल कुमार रामपुर।** सोमवार को थाना अजीमनगर पर पंजीकृत धारा भादवि व दहेज अधिनियम में वाछिंत चल रहे अभियुक्त ईश्वर सरन पुत्र ताराचन्द निवासी ग्राम मिलक याकूब खाँ थाना भोट जनपद रामपुर को थाना अजीमनगर, रामपुर पुलिस द्वारा मुरसैना तिराहा से गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी।

## डेंगू की कैंप लगाकर जांच कराए स्वास्थ्य विभाग : उस्मान

### किसान यूनियन ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अमर ख़्याल , राहुल कुमार




रामपुर । सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सामने एकत्रित हुए और प्रदर्शन करने के बाद 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा इससे पूर्व किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा सरकार हर वर्ष कई हजार करोड़ रुपये का बजट स्वास्थ्य विभाग को देती है लेकिन ज्यादातर पैसे का विभागीय कर्मचारी और अधिकारी बंदरबांट कर लेते हैं और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं नहीं देते जनपद में दर्जनों लोग डेंगू की चपेट में आकर मर चुके हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग आंख मूंदे तमाशा देख रहा है

पूरे जिले में कैंप लगाकर डेंगू की जांच करना चाहिए लेकिन कैंप तो दूर जिला अस्पताल में भी डेंगू की जांच के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है और पूरे जिले में खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में कृमि नाशक दवा का छिड़काव नहीं किया गया जिस कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है यदि समय रहते दवा का छिड़काव किया गया होता तो इतने बुरे हालात नहीं होते प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में युवा जिला अध्यक्ष शाहरुख पाशा नगर प्रभारी रागिब खान उजैर अब्दुल रजाक विनोद कुमार साहिल पाशा मुनाजिर हुसैन समीर विजय आदि लोग मौजूद रहे।

# रुयत हिलाल कमेटी का गठन कारी जुबैर अहमद बने अध्यक्ष

### मुस्लिमों के मजहबी मसायल किये जांयगें हल

अमर ख्याल



बहराइच। अमारत शरइया हिन्द के तहत कायम मोहकमा शरइया ज़िला बहराइच की एक महत्वपूर्ण बैठक बुजुर्ग आलिमे दीन मौलाना मुफ्ती जिकर उल्लाह कासमी प्रधानाध्यापक जामिया अरबिया मसऊदिया नूरुल उलूम बहराइच की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें रूयत हिलाल कमेटी के कयाम ( गठन ) की शदीद जरूरत का एहसास किया गया, और इस मौका पर रूयत हिलाल कमेटी बहराइच के नाम से 11 लोगों की एक कमेटी बनाई गई जिसमें बा इत्तिफाके राय मशहूर व मारूफ आलिमे दीन मौलाना कारी जुबैर अहमद कासमी प्रबन्धक जामिया अरबिया मसऊदिया नूरुल उलूम बहराइच व ज़िलाध्यक्ष जमीयत उलमा जनपद बहराइच को अध्यक्ष चुना गया , जबकि मौलाना मुफ्ती इश्तियाक अहमद कासमी उपाध्यक्ष, मौलाना मो० इनायतुल्लाह कासमी महासचिव , मौलाना अमीर अहमद कासमी सचिव चुने गए, बैठक में मौलाना मुफ्ती ज़िक्रुल्लाह कासमी , मौलाना मुफ्ती इकरामुद्दीन कासमी , मौलाना मुफ्ती वहीदुल्लाह कासमी प्रबन्धक जामिया इमदादिया बैतुल उलूम बहराइच , इमाम ईदगाह बहराइच मौलाना मुफ्ती वलीउल्लाह मजाहिरी, मौलाना मो० सईद कासमी खैरतिया , हाफि ज मो० सईद अख़्तर नूरी कार्यवाहक प्रबन्धक जामिया अरबिया मसऊदिया नूरुल उलूम बहराइच , और अल्हाज कमर अहमद स्टीलगंज तालाब बहराइच सदस्य चुने गए , मजकूरा कमेटी हर महिना की 29 तारीख को रूयत हिलाल की तस्दीक के लिए अवाम व खवास से अपील करेगी कि लोग मजकूरा तारीख में चांद देखने का एहतमाम करें और रुयत के बाद कमेटी को इत्तिला करें , याद रहे कि मोहकमा शरिया ज़िला बहराइच 1983 से कायम है , जिसमें मुसलमानों के आइली मसाइल का हल मुफ्तियाने इकराम की निगरानी में करती आई है , जरूरत मन्द हजरात अपने मसाइल का इस मोहकमा से हल कराते हैं

## न्यू एन्जिल्स सी.से.स्कूल में बाल मेला का आयोजन के द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस धूम धाम



**अमर ख्याल , शिवकुमार शास्त्री**

प्रतापगढ़ । मनाया गया बाल मेला में अध्यापक/ अध्यापिकाओं और छात्र/छात्राओं ने मिलकर भिन्न भिन्न प्रकार के व्यंजनो की दुकाने. लगाई एवं पूरे मनोयोग से उसे सजाया भी प्रातः 11 बजे डॉ दया राम मौर्य 'रत्न' जी ने फीता काटा और विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री बिपिन कु.सोनी , कु एफ जीनत मैनेजर एच.आर एवं अन्य अतिथियों डॉ श्रद्धा सिंह, श्री आनन्दमोहन ओझा, श्री अंजनी सिंहडॉ शिवानी मातनहेलिया,, श्री शैलेन्द्र मिश्र, आदि के साथ विद्यालय प्रांगण में माँ सरस्वती का माल्यार्पण किया फिर गुब्बारे हवा मुं उड़ाकर बाल मेले का विधिवत उदघाटन किया बाल मेले की छटा निराली थी कहीं से आवाज आई गरमागरम ब्रेड पकौड़ा, पानी फुल्की पानी फुल्की..दूसरे ने बुलाया रस में डूबी एक आवाज सुनाई दी रसगुल्ले बड़े मीठे और रसदार हैं अभिभावक और अन्य आगन्तुक क्या बूढ़े क्या जवान सब मेले का आनन्द ले रहे थे। छोटे बच्चे अपनी मम्मी से जम्पिंग मैट पर झूलने के लिये ज़िद कर रहे थे कुछ तो बैलून में ही मस्त थे तभी मेरे कान में एक आवाज आई आलू की टिक्की बड़ी मस्त है , अरे कचालू खाकर देखो तो जानो दूसरा बोला,एक बोला हमने तो चने का छोला समोसा डालकर खाया लाजवाब था, मटर की चाट भी कम नहीं थी चखकर देखो ।कुछ युवक गेम खेलकर अपनी कि स्मत आज्मा रहे थे ।ढोकला दही बड़ा,चुरमुरा, मोमफली की अपनी बहार थी चलते चलते लोगों ने ठंड की रानी काफी महारानी से भी मुलाकात की मेले में 4 बजे तक लोग आते जाते रहे। उसके बाद विद्यालय के समाचार विभाग ने मेला समाप्ति की घोषणा कर दी। विद्यालय के अनुशासन विभाग की व्यवस्था भी चुस्त और दुरुस्त रही। सबने बालदिवस के अवसर पर मेले का आनन्द उठाया । अभिभावकों के अतिरिक्त एच.डी एफ.सी. बैंक, यूनियन बैंक आदि से भी काफी लोगों ने मेले का लुत्फ उठाया विक्रम, सिंह, रोहित सोनी, ओसामा, आदि कुछ पुरातन छात्र भी मेले में आए। अन्त में प्रबन्धक डॉ शाहिदा ने सभी अध्यापक/अध्यापिकाओं ओर छात्र/ छात्राओं को बधाई दी जिनके अथक परिश्रम और सहयोग से बालमेला कार्यक्रम का सफलतम आयोजन हो सका

# बाल दिवस पर निजी व परिषदीय विद्यालय में खेल, निबंध, दौड़ का आयोजन

अमर ख्याल



तुलसीपुर (बलरामपुर) शिक्षा क्षेत्र गैंसड़ी अंतर्गत जरवा और बघेलखंड क्षेत्र के सभी परिषदीय तथा निजी विद्यालयों में बाल दिवस को बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कई विद्यालयों में खेलकूद प्रतियोगिता तथा कई विद्यालयों में अंताक्षरी और टेबल ज्ञान जैसी प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं का पठन-पाठन कराया गया। कमपोजिट विद्यालय बघेलखंड के प्रधानाध्यापक अब्दुल नासिर सिद्दीकी, अध्यापक वीरेंद्र कुमार और अन्य अध्यापकों ने विद्यालय में सभी छात्र -छात्राओं को बाल दिवस के बारे में बताया और अंताक्षरी तथा पीटी ज्ञान करवाया। सनफ्लावर पब्लिक स्कूल नथुनिया मोड़ चौराहा, पिपरा दुर्गा नगर में अतिथि के रुप में आए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनय मिश्रा, मिथिलेश तिवारी, रोजगार सेवक लीलाराम, लौकी खुर्द प्रधान हैसियत अली,बालकराम, भाजपा सेक्टर संयोजक कृष्ण कुमार मिश्रा ने पंडित लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प तथा माल्यार्पण कर मेले का शुभारंभ किया। विद्यालय प्रबंधक मनोज जायसवाल, प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि आज बाल दिवस के अवसर पर सभी छात्रों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे में बताया गया। तथा सभी छात्र छात्राओं ने स्वयं से बनाए हुए पकौड़ी, मटर, पास्ता, मैगी आदि को विद्यालय परिसर में मेले के रूप में छोटी-छोटी दुकान लगाकर सजाया गया। विद्यालय के छात्र विकास कुमार, सुप्रिया मिश्रा, रिद्धिमा त्रिपाठी, रमेश, सुरेश, गोलू, शिवम आदि छात्रों ने खूब आनंद लिया। विद्यालय में मेला लगा देख नन्ने मुन्ने बच्चे काफी प्रसन्नचित दिखे। सभी बच्चों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर फूल चढ़ाकर बाल दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया। मेले में मौजूद सभी अभिभावकों ने बच्चों के द्वारा बेंची गई चाट पकौड़ी खा कर आनंदित हुए। प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर अध्यापक अर्जुन कटियार ने बताया कि बाल दिवस पर विद्यालय में खो खो खेल, 100 मीटर दौड़, और बोरा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी बच्चे काफी उत्साहित दिखे।

# कसमंडा ब्लॉक में सेक्रेटरी नीतू वर्मा ने किया भ्रष्टाचार

अमर ख्याल ब्यूरो



सीतापुर । तहसील सिधौली के ब्लॉक कसमंडा में ग्राम पंचायत लोधौरा में जल निकासी के लिए म्यूब पाइप डलवाने हेतु प्रधान पवन भार्गव ने पास कराया पैसा तो पास हुआ म्यूब पाइप के लिए जहां पर पड़ना था 300एमएम. वहां पर 100एमएम. के भेज दिए गए और तो और ग्राम पंचायत लोधौरा की सेक्रेटरी नीतू वर्मा ने एक कारनामा कर डाला म्यूबपाइप तो कहीं लगवाए नहीं जब ग्रामीणों की सूचना पर सेक्रेटरी नीतू वर्मा के भ्रष्टाचार पर ग्रामीणों के द्वारा मीडियाकर्मियों को इस मामले की जानकारी दी गई और मीडियाकर्मी कसमंडा ब्लॉक की ग्राम पंचायत लोधौरा के प्रधान पवन भार्गव के निवास स्थान पर जा पहुंचे वहां पर 100 एमएम के म्यूबपाईप घर के बाहर पड़े हुए थे और ग्राम पंचायत में जहां पर म्यूबपाइप लगवाने की बात मीडियाकर्मियों को बताई गई वही मौके पर जिस जगहों पर म्यूबपाइप लगे हुए हैं वह पुराने व जर्जर हालत में हैं विकास के नाम पर भ्रष्टाचार हो रहा है और जब मीडियाकर्मियों ने नीतू वर्मा से इस बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि कहीं कहीं पर 100एमएम. के पाइप लगते हैं और कहीं-कहीं पर 300एमएम. के जहां पर जैसी जरूरत होती है वैसा ही लगाए जाते हैं पर अब इनकी जरूरत नहीं है और इनको बदला जा रहा है त्यौहार की वजह से लेट हो गया फिर जरा देर बाद दोबारा पूछने पर बोली कि जिस कंपनी फर्म से सामान मंगाया गया है वह कई जगह माल उतारता है हो सकता है गलती से उतार दिया हो अब बदलवाया जाएगा। प्रधान पवन भार्गव का कहना है कि म्यूबपाईप लगने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया था और यह गलत पाइप है जरूरत बड़े की है यह नही लगेंगे बदलने के लिए बोला गया है। अब आइए जानते हैं ग्राम में जहां पंचायत सचिव नीतू वर्मा के द्वारा कराया गया विकास कार्य मौके पर तो नजर नहीं आया वही पुराने टूटे-फूटे म्यूबपाइप गांव के विकास में नजर आ रहे हैं ग्रामीण के द्वारा नाम ना छापने की शर्त पर बताया गया कि सब कुछ कागज पर हो रहा है जमीनी स्तर पर ना के बराबर है जो पाइप आने थे कहां लग गए कितना विकास हुआ यह सब ग्राम में देख सकते हैं अब देखना यह होगा ग्राम पंचायत सचिव नीतू वर्मा के द्वारा भ्रष्टाचार आगे भी जारी रहेगा या कोई कार्यवाही भी संबंधित अधिकारी करते हैं यह विकास योजना चलाई गई है जहां एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी व सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गांव गांव विकास के लिए अरबोंझ्खरबों की योजनाएं निकाल रहे हैं वहीं दूसरी तरफ उनके ही सरकारी मशीनरी किस तरह रुपया डकार रहे हैं। बीडीओ कसमंडा से जब इस मामले की जानकारी के लिए फोन मिलाया गया तो उनका फोन नही उठा।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सलेथू, में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

अमर ख्याल , सोनी कुमारी

महराजगंज ( रायबरेली ) भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं० जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बाल दिवस को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया` इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बछरावां विधानसभा के वर्तमान विधायक माननीय श्यामसुंदर भारती का स्वागत विद्यालय प्रधानाचार्य राजीव सिंह जी द्वारा पुष्पगुच्छ अर्पित कर किया गयो

मुख्य अतिथि विधायक श्याम सुंदर भारती विद्यालय प्रधानाचार्य राजीव सिंह तथा उप -प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव के द्वारा पं० जवाहर लाल नेहरू के छाया - चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कि गयी

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्र एवं छात्राओं द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें अधिक संख्या में छात्रों ने अपनी स्टॉल लगाकर एवं आपसी सहभागिता के साथ बाल मेले को सफल बनायाे बाल मेले में बच्चों ने खाने -पीने की कई स्टॉल लगाए जैसे इडली, पेटीज, पानीपुरी, मोमोज, चोखा- बाटी, सैंडविच तथा पावभाजी आदि साथ ही कई स्टॉल ऐसे भी थे जिनमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेल के माध्यम से मनोरंजन भी कियो सर्वप्रथम विद्यालय कि छात्रा प्रभांशी, अदिति, समीक्षा तथा कशिश के द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से मुख्य अतिथियों का



स्वागत किया गया` कुछ बच्चों ने नृत्य व गायन का भी प्रस्तुतीकरण किया जोकि बहुत ही सराहनीय रहा, जिनमें गायन में छात्र शांभवी, मान्या, रूद्र, आस्था सिंह, मानसी, आदिति आदि तथा नृत्य में वैभवी, माही, सिखा, जान्हवी, रिया, आदि ने भागीदारी निभाई

विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों के लिए लकी- ड्रा का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के लिए उनके पढ़ाई से संबंधित अनेकों उपहार रखे गए, जिसमें ज्यादा से ज्यादा बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा वे लाभान्वित भी हुए साथ ही जिन बच्चों का नृत्य व गायन का प्रस्तुतीकरण अच्छा रहा उन्हें प्रधानाचार्य द्वारा उपहार भी दिये गये

विद्यालय प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए ₹बाल दिवस ₹ से बच्चों को अवगत कराया, उन्होंने कहा की भारत में हर वर्ष भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस 14 नवंबर को ₹बाल दिवस₹ के रूप में मनाया जाता है ` इनका जन्म 14 नवंबर 1889 को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में हुआ था`पंडित नेहरू जी का बच्चों के प्रति अधिक लगाव होने के कारण वह बच्चों में चाचा नेहरू के नाम से लोकप्रिय थे, साथ ही उन्होंने यह कहा इस बाल दिवस में हमें यह प्रण लेना चाहिए कि जैसा भी संभव होगा हम बाल शोषण व बाल मजदूरी को रोकेंगे शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा दिलाने की हर संभव कोशिश करेंगे, हमारे इन्हीं प्रयासों से चाचा नेहरू के सपनों के राष्ट्र का निर्माण होगो इसी कड़ी में प्रधानाचार्य जी ने बाल मेले की जानकारी देते हुए यह कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के विकास में सहायक होते हैं तथा बच्चे कई तरह की नई प्रतिभाए तथा कौशल सीखते हैं अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य ने सभी छात्र एवं छात्राओं को बाल दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी

# किशन बाबू शिवहरे महाविद्यालय में क्षेत्राधिकारी मौदहा ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को किया रवाना

## आत्मबली बने, साहस के साथ आगे बढ़े- डॉ.भवानीदीन

संवाददाता चमन अली



हमीरपुर । सिसोलर,किशनू बाबू शिवहरे महाविद्यालय मे विमर्श विविधा के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी मौदहा ने हरी झन्डी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया, महाविद्यालय से लेकर सिसोलर तिराहे तक छात्र-छात्राओं ने एक बडी रैली निकाली,जिसमें प्रभारी थाना सुरेश कुमार सैनी, थाने का स्टाफ, प्राचार्य डा भवानीदीन,महाविद्यालय स्टाफ ने सहभागिता की,रैली के बाद सभागार मे यातायात नियमो,महिला सशक्तिकरण और साइबर अपराध पर एक प्रभावी संगोष्ठी हुई, क्षेत्राधिकारी मौदहा विवेक यादव ने कहा कि यातायात नियमों की उपेक्षा से दुर्घटनाओं का जन्म होता है,सडक पर नियमों के पालन से जीवन सुरक्षित होता है।महिलाये यदि सावधानी बरतें तो अनहोनी से बच सकतीं हैं।सोशल मीडिया मे भी सतर्कता बरतें, प्राचार्य डा भवानीदीन ने छात्राओं से कहा कि आत्मबली बने, साहस के साथ आगे बढे, निडर बनना चाहिए, निरीह नहीं।प्रभारी थाना सुरेश कुमार सैनी ने कहा कि सडक दुर्घटनाओं का एक बडा कारण ट्रैफिक नियमों की अवहेलना है, इसलिए सुरक्षित चलने की आदत डालना चाहिए, कार्यक्रम मे डा श्याम नरायन, हिमांशु सिह,सुरेश कुमार सोनी,प्रत्यूष त्रिपाठी, देवेंद्र त्रिपाठी, प्रदीप यादव, आरती यादव,अखिलेश सोनी, डा लालता प्रसाद, पुलिस कर्मियों मे महिला कर्मी आकाक्षा, सोनम,खुशबू, उप पुलिस निरीक्षक विवेक त्रिपाठी, उपपुलिस अशोक कुमार, दीवान टी पी तिवारी, कुलदीप, नवीन, पवन मौर्य आदि उपस्थित रहे।संचालन डा रमाकांत पाल ने किया।

# युवा भारत योग शिविर के शुभारंभ के साथ खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन- योगाचार्य धर्मेंद्र प्रजापति जी

दिलीप कुमार भारती

कुशीनगर । नगर पंचायत फाजिलनगर एस.एम सेंट्रल अकैडमी अवरवां सोफीगंज विद्यालय के प्रांगण में तीन दिवसीय युवा भारत योग शिविर व खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निर्देशक श्री संजय मणि त्रिपाठी जी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ । युवा योगाचार्य धर्मेंद्र प्रजापति जी व स्वामी सुंदर भारती जी ने ऋषियों द्वारा दिए गए योग का अमूल्य ज्ञान को बताते हुए डायनामिक ध्यान योग का अभ्यास कराएं जिनसे आत्मबोध की अनुभूति कर ईश्वर दर्शन के तरफ अभिभूत हुआ जा सकता है। योगाचार्य धर्मेन्द्र प्रजापति जी ने विद्यालय के 1000 से अधिक बच्चों बच्चियों को प्रशिक्षित करते हुए बताये कि जैसे बुध ने अपने जीवन को साधा ठीक



वैसे ही हम सभी बच्चों को मौन होकर साधना चाहिए जो योग अपनाने पर सम्भव हो सकता है।योगाभ्यास ततपश्चात विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिताओं को क्रियान्वित किया गया जिसमे बच्चे बढ़चढ़कर हिस्सा लिए। विद्यार्थी जीवन में बच्चों को शिक्षा व खेल से जुड़ने के कार्यों में विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्य सन्तोष मणि जी व अन्य सभी अध्यापक संरक्षक हरेंद्र जी, अवधेश मणि, अतुल कुमार, अजय सिंह, ताहिर, रंजीत, मंजूर हसन, ईश्वर चंद, आर.के शर्मा, सुधा मिश्रा, अनामिका, शिवानी, ज्योति, सबीना, शव्या, मोहम्मद, सुभाष, नूर आलम एवं आदित्य जी उपस्थित होकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किये

# राठ पुलिस ने अवैध गुटखा फैक्ट्री का किया खुलासा

संवाददाता चमन अली

हमीरपुर ( राठ ) पुलिस ने छापेमारी कर राठ कस्बे में अवैध पान मसाला फैक्ट्री पकड़ी टीम ने फैक्ट्री में काम कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया ! वही मौके से कुंटल सुपारी तंबाकू का खुला मिश्रण व सागर स्वादिष्ट सुपारी के पैकेट बरामद किए हैं ! पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि राठ पुलिस को मुखबिर खास ने आकर दी की गुलाब नगर में संजय साहू के मकान के अंदर कुछ लोग चोरी से मशीन लगाकर सुपारी तम्बाकू का अवैध रूप से गुटखा बनाकर संचालन का काम कर रहे है औ? धोखा धडी करते हुये अलग अलग नाम के रैपर लगाकर, बिक्री करते हुये अवैध रूप से संचालन कर रहे है। मुखबिर की सूचना पर क्षेत्राधिकारी राठ, उपजिला मजिस्ट्रेट राठ पुलिस बल के साथ पहुंचे व खाद्य सुरक्षा इकाई राठ की टीम भी मौके पर आ गयी तथा संयुक्त रूप से नियमानुसार मुखबिर द्वारा बताये हुये स्थान संजय साहू के मकान मे नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर प्रवेश करते हुये दबिश दी गई । जिसमे एक व्यक्ति सजंय साहू निवासी कस्बा व थाना मौके से भागने मे सफल हो गया तथा दो नफर अभियुक्तगण सतेन्द्र कुमार साहू पुत्र अखलेश कुमार साहू निवासी ग्राम घुघसी थाना टहरका



जिला निवाडी मध्य प्रदेश व देवेन्द्र सिंह पुत्र गम्भीर सिंह निवासी ग्राम कैथोख? थाना हरपालपुर जनपद छतरपुर मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया तथा उसी मकान के अंदर कमरे से संचालित गुटखा फैक्ट्री मय बाना` अधबाने गुटका तम्बाकू सामग्री बरामद की गाई`। उन्होंने बताया कि जिसके सम्बंध मे धारा 419, 420, 467, 468,471,272 व 273 भारतीय दंड संहिता व 59 खाद्य एंव सुरक्षा अधिनियम बनाम सतेन्द्र कुमार साहू पुत्र अखलेश कुमार साहू निवासी ग्राम घुघसी थाना टहरका जिला निवाडी मध्य प्रदेश, देवेन्द्र सिंह पुत्र गम्भीर सिंह निवासी ग्राम कैथोख? थाना हरपालपुर जनपद छतरपुर मध्य प्रदेश, संजय साहू निवासी कस्बा व थाना राठ के विरूद्ध पंजीकृत किया गया तथा वांछित अभियुक्त संजय साहू की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा दबिश दी जा रही है।

**बरामदगी का विवरण**

**अनुमानित कीमत चार लाख दस हजार रुपए**

**1. तम्बाकू मिश्रण 06 बोरों मे**

**2. 04 बोरों मे सुपारी तम्बाकू मिक्स**

**3. एक बोरे मे अपमिश्रित तम्बाकू सागर ब्राण्ड जिसके अंदर कुल 300 पैकेट तम्बाकू**

**4. कुल 09 बण्डल तम्बाकू ( जिसमें एक बडे भूरे रंग के बोरे में , दो पैकेट सफेद बोरी में तथा 06 छोटे पैकेट सिल्वर पैकिंग के रूप में )**

**5. कुल 05 पैकेट रैपर 300 मार्का**

**6. एक पैकेट में पिपरमेण्ट**

**7. एक काले रंग की प्लास्टिक की बोतल मे तरल पदार्थ जो कैमिकल जैसा प्रतीत हो रहा है**

**8. दो अदद इलैक्ट्रानिक गुटखा बनाने वाली मशीन**

## सुरक्षित जीवन के लिए अपनाएं यातायात के नियम

**संवाददाता चमन अली**

**सुमेरपुर ( हमीरपुर )** सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत ग्राम इगोहटा के लक्ष्मीचंद पालीवाल इण्टर कॉलेज में सोमवार को छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए, सुरक्षित जीवन के लिए नियमो का पालन करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कैथी पुलिस चौकी इंचार्ज राकेश द्विवेदी ने कहा कि सड़क पर बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन कभी भी नहीं चलाना चाहिए, सड़क पर हमेशा बाएं ही चलना चाहिए, नशे की हालत में वाहन नही चलाना चाहिए, जीवन अनमोल है, इसकी रक्षा के लिए यातायात के नियम बनाए गए हैं, उनका पालन सभी को करना चाहिए, इगोहटा पुलिस चौकी इंचार्ज जुबेर खान ने छात्रों को 1090,108,1076 नंबरों की जानकारी दी, कालेज के प्रधानाचार्य राम बाबू निगम ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया, इस अवसर पर कालेज के शिक्षक भानुप्रकाश पालीवाल, अशोक कुमार निगम, भूपत सिंह परिहार,मोहनलाल साहू, वेद प्रकाश, मलखान, आनन्द, ओमनारायण यादव, अनिल साहू, राहुल विश्वकर्मा, मेहर प्रिया, रामलखन सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

## पंडित जवाहरलाल नेहरु जी का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया

**अमर ख्याल पीलीभीत।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु जी का जन्म दिवस बाल दिवस के रूप में बड़ीधूमधाम से मनाया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया प्रधानाचार्य श्री गुरिंदर सिंह जी ने बाल दिवस के शुभ अवसर पर बच्चों को विस्तार से पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जीवन चरित्र के विषय में सविस्तार से अवगत कराया। और उनके नक्शे कदम पर चलने के लिए बच्चों के लिए प्रेरित किया और कहा । ऐसे थे हमारे प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी जो बच्चों से अत्यंत प्रेम क्या करते थे इसलिए बच्चे भी उनको प्यार से चाचा नेहरू के नाम से भी पुकारा किया करते थे' बच्चों के इसी प्रेम कारण उनको चाचा नाम की उपाधि मिली

# नयी दिशा द्वारा बाल दिवस पर खेल - कूद का हुआ आयोजन

## संजीव द्विवेदी ने अपने 50वें जन्मदिन पर बच्चों को भेंट किया शिक्षण सामग्री

दिलीप कुमार भारती

कुशीनगर । बाल दिवस के अवसर पर सोमवार को नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नं.12, शहीद वीर अब्दुल हमीद नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय भलुही मदारी पट्टी में खेल - कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बच्चों के साथ अपना 50वां जन्मदिन मनाने आये सोना एसोसिएट कसया के संजीव द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने जन्मदिन के अवसर पर सभी विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप शिक्षण सामग्री भी भेंट किया।




प्रतियोगिता के अंतर्गत बॉल नियंत्रण में आयुष प्रथम, अंशिका द्वितीय व शिवा तृतीय, नींबू चम्मच दौड़ में अंकित प्रथम, राहुल द्वितीय व गौरव तृतीय, बोरा दौड़ में रेनु प्रथम, अलिशा द्वितीय व आकाश तृतीय, मेढ़क दौड़ में आमिर प्रथम, दिव्यांशु द्वितीय व अमरनाथ तृतीय, सुई धागा में अन्नू प्रथम, ज्योति द्वितीय व अर्पिता तृतीय एवं दौड़ में हर्ष व अर्चना प्रथम रहे। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल से एवं शेष प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

विद्यालय पर पौधरोपण संग जन्मोत्सव के अंतर्गत संजीव द्विवेदी द्वारा पीपल का पौधा भी लगाया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कुशीनगर हिन्दू जागरण मंच राजेश पाठक, नयी दिशा अध्यक्ष प्रो0 सीमा त्रिपाठी, डॉ0 राम भूषण मिश्र, डॉ0 गौरव तिवारी, डॉ0 विशेषता मिश्रा, विनीत शुक्ल, अश्वनी मिश्रा, प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र कुमार मिश्र, अर्चना मिश्रा, गीता जायसवाल, अफसाना खातून, दिव्या द्विवेदी, पूनम त्रिपाठी, शीला सिंह, शशिकला सिंह, राबड़ी देवी, प्रेमा देवी, नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र इत्यादि उपस्थित रहे

## लूट करने के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**अमर ख्याल संवाददाता**

**नवाबगंज(गोण्डा)**पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की शीघ्र ही गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए,वही दूसरी तरफ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में थाना नवाबगंज पुलिस ने लूट करने के वांछित अभियुक्त नंदू उर्फ सत्यप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने अपने साथी अभियुक्त दीपक उर्फ कुलदीप पाठक के साथ मिलकर दिनांक 07.12.2021 को थाना नवाबगंज क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला के साथ लूटपाट की घटना कारित की थी। जिसमे थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए दिनांक 08.12.2021 को आरोपी अभियुक्त दीपक उर्फ कुलदीप को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।गिरफ्तार कर्ता उ0नि0 सुनील कुमार मय टीम सहित मौजूद रहे।

## अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे



**अमर ख्याल संवाददाता**

**खोडारे(गोण्डा)**पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अवैध शस्त्र/कारतूस रखने वालो एवं इनका क्रयझविक्रय करने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए,वही दूसरी तरफ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में थाना खोड़ारे पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त बुधिराम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना खोड़ारे में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।गिरफ्तारकर्ता टीम उ0नि0 अरुण कुमार राय मय टीम सहित मौजूद रहे।

## हत्या कर शव को छुपाने की घटना खुलासे में दो अभियुक्त गिरफ्तार



**अमर ख्याल संवाददाता**

**गोण्डा।** थाना धानेपुर क्षेत्र के अन्तर्गत रामसमुझ के बाग में एक लडके का शव प्राप्त हुआ था। मृतक सुनील कुमार की मां श्रीमती कुसमा देवी की तहरीर पर थाना धानेपुर में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर द्वारा घटना के जल्द से जल्द अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के पर्यवेक्षण में टीमे गठित कर प्र0नि0 थाना धानेपुर को निर्देशित किया गया था।वही दूसरी तरफ थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा विवेचना के दौरान पतारसी-सुरागरसी व इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के आधार पर घटना कारित करने वाले 02 आरोपी अभियुक्तों- 01. आशीष, 02. पूनम को आनन्द चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतक सुनील कुमार व पूनम के बीच काफी दिनों से प्रेमप्रसंग चल रहा था। समाज में बदनामी के चलते पूनम मृतक सुनील कुमार से पीछा छुड़ाना चाह रही थी लेकिन मृतक द्वारा लगातार पूनम को परेशान किया जा रहा था। इसलिए योजनाबद्ध तरीके से उक्त दोनो अभियुक्तों द्वारा दिनांक 07.11.2022 को अपने साथी अभियुक्त विकास उर्फ आकाश के साथ मृतक सुनील कुमार को हुनमानगढ़ी मंदिर मेहनौन निकट नहर पुलिया पर बुलाकर सूनसान जगह बंजारनडीह के पास गलादबा कर हत्या कर दी गयी थी और शव को वही गन्ने के खेत में फेंक दिया गया था। दो दिन बाद दिनांक 09.11.2022 की रात्रि उक्त अभियुक्तों द्वारा बोलेरो से मृतक के शव को गन्ने के खेत से उठाकर कालीमाता के स्थान से कुछ दूर बगीचे में लाकर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पेड़ से लटकाने का प्रयास किया गया था परन्तु समय अधिक हो जाने के कारण शव को वही बगीचे में छोड कर फरार हो गए थे। फरार अभियुक्त विकास उर्फ आकाश की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें लगी हुई है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना धानेपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार कर्ता टीम प्र0नि0 निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता थाना धानेपुर मय टीम।

## बाल कल्याण समिति टीम ने बच्ची को संरक्षण के दृष्ट से दिलाया भरोसा



**अमर ख्याल संवाददाता**

**गोण्डा।** थाना तरबगंज क्षेत्र आजाद नगर कस्बे में निहालपुर जाने वाली मार्ग के झाड़ी में लावारिश हालात में मिले नवजात शिशु बालिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलसर के अधीक्षक डॉ सतपाल सोनकर स्वयं अपनी देखरेख में बालिका का इलाज कर रहे है उक्त प्रकरण में नोडल आफिसर चाइल्ड प्रोटेक्शन अपर पुलिस अधीक्षक न्याय पीठ बाल कल्याण समिति के निर्देश के क्रम में एवम 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के नंबर पर सूचना मिलने पर आज दिनांक 14-12 -2022 को चाइल्ड लाइन प्रभारी आशीष मिश्रा एवम टीम सदस्य शहजाद अली मौके पर पहुँच कर नवजात शिशु का हाल चाल जाने, डॉ सत्यपाल ने बताया कि बच्ची का इलाज मेरे देख रेख में किया जा रहा है मौके पर पुलिस सुरक्षा भी तैनात मिली चाइल्ड लाइन प्रभारी आशीष मिश्रा द्वारा बताया गया कि बच्ची को पूर्णता स्वस्थ होने पर माननीय बाल कल्याण समिति के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया जाएगा जिस पर अधीक्षक ने कहा कि बच्ची को संरक्षण कराने में हम आपका पूरा सहयोग करेंगे।

# केपी इंटर कॉलेज में बड़े ही उत्साह से मनाया गया बाल दिवस

हमीरपुर। कस्बा सुमेरपुर में केपी इंटर कॉलेज मे बहुत ही उत्साह के साथ शिक्षकों एवं बच्चों ने मनाया बाल दिवस जिसमें बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए छोटी-छोटी दुकानें लगाई गई एवं बच्चियों ने सुंदर डांस दिखा कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया इस कार्यक्रम में कालेज के प्रबंधक राजेश शिवहरे अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे प्रधानाचार्य मूलचंद कश्यप आयोजक रणधीर सिंह संचालक वेद प्रकाश विशेष सहयोगी अनिरुद्ध कुमार, कुमारी सोहनी गुप्ता राहुल कुमार सविता पूरन कुशवाहा व सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे जिन्होंने



इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास एवं मेहनत करके सफल बनाने में अपना सराहनीय सहयोग दिया आप सभी बच्चे इस कार्यक्रम से बहुत ही खुश नजर आ महर्षि दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर आर्य समाज हमीरपुर में भी धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस बॉक्स मुख्यालय के मोहाल सुनराही गली में स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर आर्य समाज हमीरपुर विद्यालय में बच्चों व शिक्षकों ने बाल दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया जहां बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाकर लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर बच्चों का सहयोग विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रीकांत मिश्रा, अध्यापकों में गोविंद शुक्ला, दीप नारायण, सुबोध खरे, अनुराग, रामकुमार व अवधेश सहित अध्यापिकाओ में ऋचा शुक्ला, श्रीमती उषा जोशी, श्रीमती विजय शुक्ला, श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव, पारुल पांडे, आरती धुरिया ने बच्चों का भरपूर सहयोग किया

## किसान भाई पराली/फसल अवशेष न जलायें बल्कि उसको खेत में करें प्रयोग-उप कृषि निदेशक

**अमर ख्याल अहमद रजा**

**बलरामपुर** जनपद के सभी किसान भाईयों को सूचित करते हुये उप कृषि निदेशक डा0 प्रभाकर सिंह ने बताया कि फसलों का अवशेष न जलाये। फसलों का अवशेष जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है, साथ ही मृदा के तापक्रम में वृद्धि होने के कारण लाभकारी जीवाणु नष्ट हो जाते है तथा मृदा की उत्पादकता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।उन्होंने कहा कि पराली/फसल अवशेष जलाया जाना एक दण्डनीय अपराध है। पराली/फसल अवशेष जलाये जाने पर राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण अधिनियम की धारा-24 एवं 26 के तहत पर्यावरण क्षतिपूर्ति हेतु दण्ड के प्राविधान निधारित किये गये है।

# कबड्डी प्रतियोगिता मे चौहान स्पोर्ट् क्लब घूराडीह रहा विजयी



अमर ख्याल , सोनी कुमारी

महराजगंज ( रायबरेली ) सोमवार को घुराडीह गाव मे आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया।इस मुकाबले मे चौहान स्पोर्ट क्लब घुराडीह ने बिजयी खिताब जीता।इस कबड्डी प्रतियोगिता के चैम्पियन को समाज सेवी सत्यम सिंह ने बिजेता ट्राफी सौपी। वही उप बिजेता रायबरेली के गोपाल कबड्डी धुरंधर क्लब को ग्राम प्रधान दिनेश सिंह ने रनर ट्राफी सौपी।इस प्रतियोगिता मे 10 टीमों ने हिस्सा लिया।जिसमे रायबरेली व घुराडीह ने फाइनल मे जगह बनाई।आज फाइनल मैच मे चौहान क्लब घुराडीह ने 42 अंक व गोपाल धुरंधर रायबरेली ने 35 अंक अर्जित किया।जिसमे घुराडीह क्लब ने 7 अंको से मुकाबला जीत लिया।इस मुकाबले मे घुराडीह की ओर से अभिजीत अमन अनिकेत अभय रोहित कश्यप आवेश प्रिंस अनिरुद्ध आदर्श अनुभव सिंह व रायबरेली की ओर से अलोक सिंह अरिन मिश्रा सावन पटेल आनंद मिश्रा देव पाण्डेय जयवीर रीतांशु सूर्यन आदि खिलाड़ियों ने फाइनल मुकाबले मे हिस्सा लिया।इस मौके पर हरिकुमार सिंह दिनेश सिंह गणेश कछवाह बब्लू सिंह आनंद सिंह सतेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस पर लगा भव्य बाल मेला

अमर ख्याल , सोनी कुमारी




महराजगंज ( रायबरेली ) ।महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल महराजगंज में पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया गया ।सर्वप्रथम प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने प्रार्थना सभा में जवाहरलाल नेहरू जी के चित्र पर सभी बच्चों तथा अध्यापकों के साथ पुष्पांजलि अर्पित की प्रधानाचार्य ने बच्चों को नेहरू जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व के विषय में बताया कि सन 1919 में जलियांवाला बाग नरसंहार के बाद वकालत छोड़ कर स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े आपके द्वारा संचालित पंचवर्षीय योजना औद्योगिक विकास सराहनीय रहा । चर्चित मेरी कहानी तथा भारत एक खोज किताबें आपके द्वारा लिखी गई ।बच्चों ने अपने प्रयास अभिभावकों के सहयोग तथा अध्यापकों के मार्गदर्शन में 41 स्टॉल विविध व्यंजनों के लगाए । बच्चों ने स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए हाथों में ग्लैब्स तथा सिर पर टोपी पहनकर अपने व्यंजन के विषय में खूबियां लोगों को बताई तथा उन्हें खरीदने हेतु आग्रह किया । बच्चों ने तरह-तरह के पकवान व्यंजन छोले भटूरे फरे मोमोज अंकुरित चने भेलपुरी मैगी नूडल्स पास्ता बर्गर पेस्टी मूंगफली आंवले के पदार्थ मंचूरियन फिंगर चिप्स पानी पुरी सैंडविच आदि आकर्षण का केंद्र रही । बच्चों ने ब्रेन गेम आदि लगाकर मेले की शोभा बढ़ा दी संभ्रांत नागरिकों अभिभावकों ने मेले का लुफ्त लिया। मैनेजर अवधेश बहादुर सिंह ने सभी बच्चों के स्टाल पर जाकर उनसे विशेषता पूछी तथा सभी स्टाल पर खरीदारी की । बच्चों ने बचत बैंक गुल्लक रखकर बचत के तरीके बताएं । शिवकुमार सिंह कविराज तथा प्रबंधक आर्यकुल ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया

प्रधानाचार्य ने बताया कि बच्चों द्वारा किया गया प्रयास हमारे अभिभावक तथा क्षेत्रीय जनता का सहयोग एवं आशीर्वाद सम्मिलित रूप से मेले को भव्यता के साथ खूब खरीदारी करी । बच्चों को खूब फायदा हुआ जिससे उनको सकारात्मक ऊर्जा मिली बच्चों ने मिनिमय टीम भावना स्टार्टअप मेक इन इंडिया स्किल डेवलपमेंट की शिक्षा प्रयोगात्मक रूप से सीखी है। प्रधानाचार्य सभी अपने सहयोगियों जिनके प्रयास से मेले का सफल आयोजन हो सका हार्दिक बधाई दी कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों तथा बर्थडे बॉय को हार्दिक बधाई दी कालेज के समस्त स्टाफ को सहयोग देने हेतु धन्यवाद दिया इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा

## बाल दिवस के अवसर पर बच्चों द्वारा किया गया मेले का आयोजन

अमर ख्याल सीतापुर । विकासखण्ड क्षेत्र रेउसा के ग्रामीण क्षेत्र मैं बड़े हर्षोल्लास उत्साह के साथ मनाया गया बाल दिवस कार्यक्रम इसी क्रम में चंद्रसेनी में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में विशेष रूप से बाल दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा किया गया बालदिवस मेले का आयोजन कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान नटनागर यादव ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्जवलित किया और विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बाल मेले में अपने हाथों से बनाए गए ब्यंजनो के स्टाल लगाए। मेले में आयोजित जंपिंग झूला छोटे-छोटे बच्चों के लिए विशेष आकर्षण रहो इसके अलावा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अध्यापकगण संतोष कुमार,राजू यादव,गिरेश,विनोद कुमार, नितिन,नारेन्द्र कुमार प्रियंका ,आंशी,काजल जायसवाल, रमा,अन्नपूर्णा,सोमनी अंकित, अनिल आदि छात्रो ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग लिया।

## बाल दिवस के अवसर पर नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

### शिविर में बच्चों को किताब, कॉपी व स्टेशनरी से संबंधित सामान व अन्य वस्तुएं वितरित की गई



मनोज त्रिपाठी

प्रयागराज। जनपद न्यायधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद संतोष राय के निदेर्शानुसार सोमवार को बाल दिवस के अवसर पर शिवपुरी कॉलोनी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन नोडल अधिकारी श्रीमती निशा झा एडीजे की अध्यक्षता में किया गया। नोडल अधिकारी निशा झा द्वारा शिविर में उपस्थित बच्चों को बाल दिवस की महत्वता के बारे में बताया गया तथा उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद डॉक्टर लकी के द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें शिक्षा के अधिकार व अन्य योजनाओं के बारे में बताया गया। अपर सिविल जज सीनियर डिविजन मानस वत्स द्वारा बच्चों को खेलकूद के महत्व को बताया गया। इस अवसर पर अधिकारीगणों द्वारा बच्चों को किताब, कॉपी व स्टेशनरी से संबंधित सामान व अन्य वस्तुएं वितरित की गई। शिविर में नितिन श्रीवास्तव, शिशिर कुमार,किशन थापा कर्मचारी गण तथा अमलेश्वर पांडे, आशुतोष कुमार,पार्थ शुक्ला, आदित्य राय, दीप्ति द्विवेदी,सौम्या सिंह पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## बाल दिवस के अवसर पर साइकिलिंग,दौड़ ऊची कूद,लम्बी कूद आदि खेलों का आयोजन हुआ



**दिलीप कुमार भारती**

**कुशीनगर** । पिपरा बाजार क्षेत्र के साँवरी तेतरी देवी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर साइकिलिंग,दौड़ ऊची कूद,लम्बी कूद आदि खेलों का आयोजन कर प्रतिभाग बच्चों को पुरस्कृत किया गया उक्त खेल प्रतियोगिता में साइकिलिंग में बृजेश कुशवाहा को प्रथम व अजय चौहान को द्वितीय स्थान मिला म्यूजिक चेयर प्रतियोगिता में खुशी यादव ने प्रथम व द्वितीय रीपा चौहान को स्थान मिला।दौड़ प्रतियोगिता में आकाश कुशवाहा प्रथम व राहुल को द्वितीय स्थान मिला विद्यालय के संचालक अशोक कुशवाहा ने कहा की खेल से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है विद्यालय के प्रधानाचार्या पूनम कुशवाहा ने कहा कि न चिंता होती है न ओझल मन होता है सबसे सुंदर सबसे अनमोल बचपन होता है और बच्चे ही देश के भविष्य होते हैं।कार्यक्रम में अमरजीत कुशवाहा,राकेश चौधरी राजकुमार,अरविंद कुशवाहा,रीना,सरोज,मंजू आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे

## प्राथमिकता पाठशाला गुरूमिया में बच्चों ने केक काटकर बाल दिवस मनाया



**दिलीप कुमार भारती**

**कुशीनगर** । थाना कसया अंतर्गत कुडवा उर्फ दिलीपनगर ग्राम गुरूमिया अछैबर टोला के प्राथमिक विद्यालय गुरुमिया अछैबर टोला में आज बाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया ' ईसमें सबसे पहले पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर किसान मजदूर यूनियन ट्रस्ट के उतर प्रदेश महासचिव राजन सिंह ने माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर आशिर्वाद लिया तद पश्चात स्कूल के प्रधानाचार्या मनोजकुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। स्कूल के बच्चों ने सबसे पहले सरस्वती बंदना व स्वागत गीत गाकर लोगों का दिल जीत लिया। उन्होंने केक काटकर बाल दिवस मनाया, इस प्रकार स्कूल के सभी बच्चे ट्रॉफी, लड्डू, मिठाई, खाकर बाल दिवस का कार्यक्रम संपन्न किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्या मनोजकुमार वर्मा, संगीता वर्मा, डि- के- कुशवाहा, स्वामी दयानन्द सरस्वती डिग्री कालेज के कार्यालय अधीक्षक/पत्रकार राजन सिंह, सौम्या,संजू, अंजलि,राधिका सहित स्कूल के अध्यापक गण के आलावा अनेक प्रकार के सम्मानित लोग मौजूद रहे

# गांजरी क्षेत्र में स्थित शिक्षण संस्थानों में भी चाचा नेहरू की जयंती धूमधाम से मनाई गई

### जनपद सीतापुर केरामपुर मथुरा में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

अमर ख्याल

सीतापुर । 14 नवंबर बाल दिवस के अवसर पर जनपद के पिछड़े ब्लॉकों में शुमार रामपुर मथुरा क्षेत्र में स्थित सभी शिक्षण संस्थानों में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की स्मृति में भाषण, गीत, खेल, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिताओं सहित बाल मेले का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया।



इस अवसर पर गोंडा देवरिया स्थित बाबा बालक राम इंटर कॉलेज में बच्चों ने भव्य मेले का आयोजन किया, मेले में बच्चों द्वारा बनाई गई वस्तुओं का शिक्षकों द्वारा अवलोकन कर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया, तथा सभी बच्चों को शिक्षकों के सहयोग से भोज भी कराया गया। कस्बा रामपुर मथुरा स्थित रानी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, छोटे लाल बालिका इंटर कॉलेज, महेंद्र कुमार शास्त्री मेमोरियल इंटर कॉलेज, बाबू बिश्वरथ विद्या मंदिर, मां शारदे विद्या मंदिर, सन्त पथिक एकेडमी, एसकेएम एकेडमी,दुर्गा बक्स सिंह स्मारक विद्यालय, गुरुसहाय मेमोरियल स्कूल,शिव जी ठाकुर जी बाल विद्या मंदिर, आर पी चिल्ड्रेन एकेडमी, पंडित संतोषी लाल शुक्ल मेमोरियल इंटर कॉलेज, राम जानकी विद्या मंदिर, सहित सभी परिषदीय विद्यालयों में भी चाचा नेहरू को धूमधाम से याद किया गया।

# हाईस्कूल परीक्षा में अव्वल रही पत्रकार की बेटी को किया गया सम्मानित

### पत्रकार संदीप मिश्र की पुत्री को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

मनोज त्रिपाठी

मांडा ( प्रयागराज ) संस्थापक दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने हाईस्कूल अंक सुधार परीक्षा में शामिल होकर 87.5 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली पत्रकार की बेटी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कोविड के चलते यूपी बोर्ड ने सभी छात्रों को अगले कक्षा में प्रमोट करने का निर्णय लिया और एक गाइडलान जारी कर सभी छात्रों को पूर्व परीक्षा के आधार पर अंक प्रदान कर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। प्राप्त अंक को लेकर कुछ मेधावी छात्र विरोध करने लगे। परिणाम घोषित होने पर तेजतर्रार छात्रों में असंतोष व्याप्त हो गया। क्योकि तेजतर्रार छात्रों का परीक्षा प्राप्तांक कम रहा जबकि पढ़ने में फिसड्डी रहे छात्रों का परीक्षा परिणाम अंक अधिक रहा। विरोध पर यूपी बोर्ड ने पुनः अंक सुधार परीक्षा का आयोजन किया। जिसपर महेवा कलां गांव निवासी पत्रकार संदीप मिश्र की बेटी मानसी मिश्र ने वर्ष 2021 यूपी बोर्ड हाईस्कूल अंक सुधार परीक्षा में शामिल हुई। अंक सुधार परीक्षा में मानसी मिश्रा ने 87.05 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया। जिसपर अन्न पूर्णा कुंवर कृपा देवी लीलावती बालिका कॉलेज के प्रबंधक शरद



कुमार सिन्हा ने छात्रा मानसी मिश्रा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करने की घोषणा की। इसी कड़ी में सोमवार को बालिका कॉलेज की मुख्य शाखा वशिष्ठ सेवा इंटर कॉलेज महेवा कलाँ का 70 वां संस्थापक दिवस धुमाधम से मनाया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे मांडा ब्लॉक प्रमुख धनवंत उर्फ रिशू सिंह व कॉलेज प्रबंधक शरद कुमार सिन्हा ने मेधावी छात्रा मानसी मिश्रा को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य एमपी सिंह, ब्रिज विलास यादव, सुधीर श्रीवास्तव, शिशिर श्रीवास्तव, हरिशंकर श्रीवास्तव, नितिन श्रीवास्तव आदि रहे

# एस एस डी पब्लिक एकेडमी पर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रामसिंह गौतम

चौरीचौरा। दिनांक 14 नवम्बर दिन सोमवार को करमैता रामपुरा ब्रहम्पुर गोरखपुर स्थित एस एस डी पब्लिक एकेडमी पर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में ब्लाक प्रमुख ब्रहम्पुर सुमन यादव,विशिष्ठ अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख पिपराइच आनन्द शाही मौजूद रहें कार्यक्रम का संचालन दिलीप पाण्डेय द्वारा किया गया वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती भी की गई प्रतिभाग करने वाले बच्चों को ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित भी किया गया मुख्य अतिथि सुमन यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज बाल दिवस के दिन एस एस डी पब्लिक एकेडमी में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है आयोजित समिति को मैं धन्यबाद देते हुए आशा करती हूं कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन समय समय पर होता रहे जिससे बच्चों की प्रतिभाओं में बाहर निकाला जा सके

वहीं विशिष्ठ अतिथि आनन्द शाही ने कहा कि आज 14



नवम्बर बाल दिवस का दिन है आज के दिन को पंडित जवाहर लाल नेहरु (चाचा नेहरु के जन्म दिवस के रुप में जानते हैं इस दिन इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होना बहुत ही सराहनीय है कार्यक्रम के दौरान रविकान्त तिवारी, मानवेन्द्र यादव,प्रदीप पाण्डेय,श्री लल्लन द्विवेदी जनता इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य विकास द्विवेदी,अवधेश जायसवाल,डाक्टर जामीर अंसारी,कमलेश विश्वकर्मा, गणेश वर्मा,सतीराम, पंकज कुमार,चेतई प्रसाद पटवा निषाद,धर्मेन्द्र यादव तथा एस एस डी एकेडमी के जितेन्द्र उर्फ मोनू,विनय दूबे,विजय दूबे संजय शर्मा,नीशू यादव,जूली यादव,मोनिका सिंह,ज्योती शर्मा,ज्योती गुप्ता,सोनम पटेल,संजय शर्मा,नीशू यादव,जूली यादव,मोनिका सिंह,सोनम पासवान सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा

# कोहली और सूर्यकुमार टी-20 विश्वकप की सर्वश्रेष्ठ टीम में शामिल

## इंग्लैंड के सर्वाधिक चार खिलाड़ी सहित छह टीम के खिलाड़ियों को मिली जगह

**मेलबर्न।** टी20 विश्वकप 2022 में भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ रहे विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव को टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम में शामिल किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बयान में कहा, छह टीम के खिलाड़ियों को आईसीसी पुरुष टी20 विश्वकप 2022 की सर्वाधिक मूल्यवर्धित टीम में शामिल किया गया है। आईसीसी ने बताया कि इस टीम में इंग्लैंड से चार, पाकिस्तान और भारत से दो-दो जबकि दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड से एक-एक खिलाड़ी को शामिल किया गया है। टीम के सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स और जॉस बटलर हैं, जबकि उनके हमवतन सैम करेन और मार्क वुड टीम के तेज गेंदबाजों में शामिल हैं। पाकिस्तान से शादाब खान और शाहीन शाह अफरीदी इस टीम का हिस्सा हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के आनरिक नॉर्खिया, जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स एकादश को पूरा करते हैं।



### कोहली ने छह मैच में जड़े चार अर्धशतक

कोहली इस टी20 विश्वकप के छह मैचों में चार अर्धशतक जड़कर सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। भारतीय टीम टूर्नामेंट में सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ सकी, लेकिन कोहली ने 98.66 के अद्वितीय औसत से कुल 296 रन जोड़े। उन्होंने टूर्नामेंट में भारत के पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 82 नाबाद की जादुई पारी खेली, जिसे उन्होंने अपने टी20 करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी बताया। कोहली के साथ-साथ भारत के 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए सर्वश्रेष्ठ एकादश में शामिल किया गया। उन्होंने टूर्नामेंट के दौरन छह मैचों में 189.68 के आक्रामक स्ट्राइक रेट से कुल 239 रन बनाए। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को टीम के 12वें खिलाड़ी के रूप में शामिल किया गया है। पांड्या ने छह मैचों में आठ विकेट लिए और बल्लेबाजी क्रम में नीचे आने के बावजूद भारत के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में कोहली और सूर्यकुमार के बाद तीसरे स्थान पर रहे। पांड्या ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 33 गेंदों पर 63 रन बनाये थे, जिसने मैच को कुछ हद तक रोमांचक बना दिया था।

**सर्वश्रेष्ठ टीम** एलेक्स हेल्स, जोस बटलर, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ग्लेन फिलिप्स, सिकंदर रजा, शादाब खान, सैम करन, एनरिक नोर्त्जे, मार्क वुड, शाहीन शाह अफरीदी। 12वें खिलाड़ी हार्दिक पंड्या।

## हार्दिक को 2024 टी-20 विश्वकप तक कप्तान बनाया जाए: श्रीकांत

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष कृष्णमाचारी श्रीकांत ने कहा कि अगर वह वर्तमान में मुख्य चयनकर्ता होते, तो वह 2024 टी20 विश्वकप तक हार्दिक पांड्या को टीम का कप्तान नियुक्त करते। पांड्या ने गुजरात टाइटंस को आईपीएल 2022 जीतने के लिए नेतृत्व किया, वे वेलिंगटन में शुक्रवार से शुरू होने वाली न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में कप्तानी करेंगे। सीरीज 2024 में टी20 विश्वकप के अगले संस्करण के लिए भारत की तैयारी को चिह्नित करेगी, जिसकी मेजबानी वेस्टइंडीज और यूएसए द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। उन्होंने कहा, देखो, अगर मैं चयन समिति का अध्यक्ष होता, तो मैं हार्दिक पंड्या को 2024 विश्वकप तक कप्तान नियुक्त करता। एक नई टीम का पुनर्निर्माण शुरू कर देना चाहिए, क्योंकि एक सप्ताह के भीतर न्यूजीलैंड सीरीज होने वाली है। श्रीकांत ने कहा, विश्वकप की तैयारी आप आज से शुरू कर दें। आपको समझने की जरूरत है, 2 साल पहले से शुरू हो जाती है। इसलिए, आप जो करना चाहते हैं, परीक्षण और गलतियां वह सब एक साल तक करें, फिर आप एक टीम बनाएं, जो 2023 तक सुनिश्चित करें कि यह विश्व कप खेलने जा रही है। श्रीकांत ने भारत से दीपक हुड्डा जैसे ऑलराउंडरों की पहचान करने का भी आह्वान किया, जो टी20 विश्वकप में विभिन्न भूमिकाएं निभा सकते हैं। आपको अधिक तेज गेंद वाले ऑलराउंडरों की आवश्यकता है। हमारे पास कई तेज गेंद फेंकने वाले ऑलराउंडर और सेमी ऑलराउंडर थे। इसलिए, इन लोगों को पहचानो– हुड्डा की तरह, और भी बहुत सारे खिलाड़ी होने वाले हैं। भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज और 2007 टी20 विश्वकप विजेता टीम के सदस्य इरफान पठान को लगता है कि पांड्या के चोटिल होने और टी20 टीम की कप्तानी नहीं करने की स्थिति में टीम को कुछ लीडर बनाने की जरूरत है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 में ऋषभ पंत उपकप्तान होंगे। वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत में उपलब्ध प्रतिभाओं के साथ, चयनकर्ताओं को भविष्य में भारतीय टी20 टीम में सही खिलाड़ियों का चयन करते समय सही विकल्प चुनने की आवश्यकता है।

## भारतीय क्रिकेट को इंग्लैंड से सीखना चाहिए: वॉन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने भारतीय क्रिकेट प्रशासन को नसीहत देते हुए कहा कि अगर भारतीय क्रिकेट की कमान उनके हाथ में होती तो वह अपना अभिमान निगलकर टी20 विश्व चैंपियन इंग्लैंड से सीख लेते। वॉन ने कहा, सीमित ओवर क्रिकेट खेलने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ियों का समूह अछूत है, और आखिरकार इंग्लिश क्रिकेट के पास ऐसी टीम है जो दुनिया की दूसरी टीमों को राह दिखा सकती है। इंग्लैंड अपने काम-काज कैसे संभाल रहा है? वह ऐसा क्या करते हैं? अगर भारतीय क्रिकेट की कमान मेरे हाथ में होती तो मैं अपना अभिमान निगल जाता और प्रेरणा के लिये इंग्लैंड की ओर देखता इंग्लैंड ने जॉस बटलर की अगुवाई में रविवार को टी20 विश्वकप 2022 का खिताब जीत लिया। बीते कुछ वर्षों में सीमित ओवर क्रिकेट में इंग्लैंड का प्रदर्शन शानदार रहा है और उन्होंने ईयान मॉर्गन की अगुवाई में एकदिवसीय विश्व कप 2019 भी जीता था। वॉन ने कहा, इंग्लैंड को विश्वकप जीतने चाहिये क्योंकि उनके पास सर्वश्रेष्ठ टीम है, लेकिन हम कई बार अच्छी टीमों को उनके कद के अनुसार खेलता हुआ नहीं देखते। विश्व कप 2019 के फाइनल में भी, इंग्लैंड को भाग्य का थोड़ा साथ मिला था और यहां भी। वह भाग्यशाली होने के हकदार हैं, क्योंकि उन्होंने एक शैली को अपनाकर लंबे समय तक सही दिशा में काम किया है। उन्होंने कहा, साल 2019 में भी वह टूर्नामेंट की शुरुआत में पाकिस्तान और श्रीलंका से हार गये थे। यहां वे आयरलैंड से हारे। दोनों बार उनका सफर शुरू में ही खत्म हो सकता था, लेकिन उनकी मानसिकता उन्हें तब जीतना सिखाती है जब जरूरी हो। उनके पास बड़े मैच के खिलाड़ी हैं। वॉन ने यह भी कहा कि धोनी की तरह बटलर भी लंबे समय तक कप्तान बने रह सकते हैं और एक विरासत बना सकते हैं। उन्होंने कहा, जॉस बटलर ने पहली बार में ही विश्वकप जीत लिया है और 32 साल की उम्र में उनके पास अपनी विरासत बनाने का मौका है। महेंद्र सिंह धोनी भारत के कप्तान के रूप में वर्षों तक बने रहे। बटलर ऐसा कर सकते हैं, खासकर अब वह एक ही (टी20) प्रारूप पर ध्यान दे रहे हैं। जब आपके पास बाएं हाथ का तेज गेंदबाज, गति, स्विंग और स्पिन, तीन स्पिनर हों तो कप्तान के रूप में आपके पास सब कुछ होता है। यह मेरे लिए सीमित ओवर क्रिकेट का मानदंड है। आपके पास विकल्प होने चाहिए। उनके पास सभी खिलाड़ी मैच जिताने की क्षमता रखते हैं।

# श्रीकांत ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन से वापस लिया नाम, समीर व मिथुन पेश करेंगे चुनौती

**सिडनी।** भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों में शामिल किदांबी श्रीकांत ने मंगलवार से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया।

श्रीकांत से पहले लक्ष्य सेन और युगल विशेषज्ञ सात्विक साइराज रंकीरेड्डी एवं चिराग शेट्टी की जोड़ी भी 180,000 डॉलर पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट से हट चुके है। चेस टू ग्वांग्झू रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज श्रीकांत को सत्र के आखिर में दिसंबर में होने वाले विश्व टूर फाइनल में जगह बनाने के लिए इस टूर्नामेंट को जीतना होगा। राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले इस 29 साल के खिलाड़ी ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। उन्होंने भारत को थॉमस कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। श्रीकांत ने अपना पिछला टूर्नामेंट जर्मनी के सारब्रकन में हायलो ओपन में खेला था और वह इसमें सेमीफाइनल में पहुंचे थे। वह इस सत्र में कोरिया ओपन और स्विस ओपन के अंतिम चार में पहुंचने में सफल रहे थे। श्रीकांत के टूर्नामेंट से हटने से यह साफ हो गया विश व टूर फाइनल्स में भारत की ओर से सिर्फ एच एस प्रणय दावेदारी पेश करेंगे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पहले ही विश्व टूर फाइनल्स से अपना नाम वापस ले चुकी है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भारत की चुनौती का नेतृत्व समीर वर्मा करेंगे, जो लंबी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। वह नाथन टैंग के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। विश्व रैंकिंग में पूर्व में 11वें स्थान पर रहे समीर ने बीडब्ल्यूएफ के तीन टूर्नामेंट स्विस ओपन, हैदराबाद ओपन और सैयद मोदी इंटरनेशनल जीते है। कोविड-19 के कारण खेल को रोके जाने के बाद से उन्होंने अपनी लय गंवा दी और लगातार चोट से परेशान रहे।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए दक्षिण अफ्रीकी टेस्ट टीम घोषित

## गेराल्ड कोएत्जी को पहली बार टीम में मिली जगह

**जोहान्सबर्ग।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 17 दिसंबर से ब्रिस्बेन के गाबा में शुरू होने वाली तीन मैचों की सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका ने 16 सदस्यीय टेस्ट टीम घोषित की। युवा तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी ने सोमवार को टीम में पहली बार अपनी जगह बनाई है।

उनके अलावा, बल्लेबाज थ्यूनिस डी ब्रुइन को 2019 के बाद पहली बार टीम के साथ जोड़ा गया है, जबकि हेनरिक क्लासेन को शामिल किया गया है क्योंकि रयान रिकेल्टन चोट के कारण बाहर हैं। रॉस्सी वान डेर डूसन, चोट से ठीक होकर टीम में वापसी कर रहे हैं, जो टी20 विश्वकप से बाहर थे। तेम्बा बावुमा के रूप में वापस आ गए हैं, जो कोहनी की चोट के कारण इंग्लैंड के पूरे दौरे से चूक गए थे। चयनकर्ताओं के राष्ट्रीय संयोजक विक्टर म्पित्सांग ने कहा, चोट के बाद हमारे उपकप्तान तेम्बा के लिए एक स्वागत योग्य वापसी है और हम इंग्लैंड में चोट के बाद रॉस्सी को वापस पाकर खुश हैं। मैं विशेष रूप से अपने तेज आक्रमण को लेकर उत्साहित हूं, जिनके प्रदर्शन पर हमें कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर, चुने गए सभी खिलाड़ी निस्संदेह उच्चतम स्तर पर खेलने की क्षमता रखते हैं, और इसका प्रमाण आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में हमारी स्थिति है। हमें विश्वास है कि अगर वे अपनी क्षमता के अनुसार खेलते हैं, तो हम ऑस्ट्रेलिया को चुनौती दे सकते हैं। बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज को भी दौरे के लिए मंजूरी मिल गई है, जो दक्षिण अफ्रीका के टी20 विश्व कप में नीदरलैंड से 13 रन से हारने के बाद चोट के कारण बाहर हो गए थे। सीएसए ने कहा कि केशव अभी पुनर्वास के दौर से गुजर रहे हैं।

### दक्षिण अफ्रीका टीम

डीन एल्गर (कप्तान), तेम्बा बावुमा, गेराल्ड कोएत्जी, थ्यूनिस डी ब्रुइन सरेल इरवी, साइमन हार्मर, मार्को जानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे, कगिसो रबाडा, ग्लेनटन स्टुउरमैन, रॉस्सी वैन डेर डूसन, काइल वेरेने (विकेटकीपर) और खाया जोंडो।





# शेयर बाजार ने गंवाई तेजी

## एफएमसीजी, यूटिलिटीज, कैपिटल गुड्स और पावर समेत 11 समूहों में हुई बिकवाली से बाजार ने बढ़त गंवाई

**मुंबई ।** वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, यूटिलिटीज, कैपिटल गुड्स और पावर समेत ग्यारह समूहों में हुई बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार ने न केवल पिछले दिवस की तूफानी तेजी बल्कि आज की शुरुआती बढ़त भी गंवा दी और गिरावट लेकर बंद हुआ।



बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 170.89 अंक यानी 0.28 प्रतिशत टूटकर 61624.15 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 20.55 अंक अर्थात 0.11 प्रतिशत फिसलकर 18329.15 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.05 प्रतिशत बढ़कर 25,478.90 अंक और स्मॉलकैप 0.25 प्रतिशत गिरकर 29,056.34 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3769 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1899 में बिकवाली जबकि 1718 लिवाली हुई। वहीं, 152 के भाव अपरिवर्तित रहे। इसी तरह एनएसई में 26 कंपनियों में तेजी जबकि शेष 24 में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई में 11 समूहों में बिकवाली हुई। इस दौरान एफएमसीजी 1.29, सीडी 0.05, ऊर्जा 0.15, वित्तीय सेवाएं 0.12, इंडस्ट्रियल्स 0.26, दूरसंचार 0.10, यूटिलिटीज 0.49, बैंकिंग 0.09, कैपिटल गुड्स 0.66, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.40 और पावर समूह के शेयर 0.69 प्रतिशत गिर गये जबकि सर्विसेज, टेक, रियल्टी, ऑटो, आईटी, हेल्थकेयर, कमोडिटीज और धातु समूह में 1.48 प्रतिशत तक की तेजी रही, जिसने बाजार को सहारा दिया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.49, जर्मनी का डैक्स 0.27 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.70 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जापान के निक्केई में 1.06 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.13 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 29 अंक फिसलकर 61,765.86 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से यह थोड़ी देर बाद ही 61,916.24 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि बिकवाली के दबाव में यह कारोबार के अंतिम चरण में 61,572.03 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 61,795.04 अंक के मुकाबले 0.28 प्रतिशत की गिरावट लेकर 61,624.15 अंक पर रहा।

वहीं, निफ्टी की शुरुआत मजबूत रही और यह 26 अंक चढ़कर 18,376.40 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 18,399.45 अंक के उच्चतम जबकि 18,311.40 अंक के निचले स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 18,349.70 अंक की तुलना में 0.11 प्रतिशत फिसलकर 18,329.15 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स 14 कंपनियां लाल जबकि शेष हरे निशान पर रही। फार्मा कंपनी डॉ. रेड्डी ने सबसे अधिक 3.94 प्रतिशत का नुकसान उठाया। इसी तरह आईटीसी 2.57, हिंदुस्तान यूनीलीवर 1.83, एसबीआई 1.42, आईसीआईसीआई बैंक 1.32, नेस्ले इंडिया 1.29, टाइटन 0.85, विप्रो 0.80, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.71, एलटी 0.67, रिलायंस 0.51, भारती एयरटेल 0.41, बजाज फाइनेंस 0.29 और एनटीपीसी के शेयर 0.12 प्रतिशत की गिरावट पर रहे।

वहीं, मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में कोटक बैंक 1.27, टाटा स्टील1.07, पावरग्रिड 1.05, इंडसइंड बैंक 1.04, इंफोसिस 0.89, एचसीएल टेक 0.76, मारुति 0.73, टीसीएस 0.54, सन फार्मा 0.47, एचडीएफसी 0.39, एचडीएफसी बैंक 0.39 और एक्सिस बैंक 0.04 प्रतिशत शामिल रही।

# आईआरएफ की हेलमेट पर शून्य जीएसटी करने की अपील

**नई दिल्ली ।** इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (आईआरएफ) ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से दोपहिया सवारों के लिए जीवन रक्षक उपकरण पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से कम कर शून्य तक लाने की अपील की है।




आईआरएफ के अध्यक्ष एमेरिटस के के कपिला ने श्रीमती सीतारमण को लिखे पत्र में कहा कि सड़क यातायात दुर्घटनाएं एक वैश्विक खतरा है और भारत इस रोके जा सकने वाले कारण के कारण होने वाली कुल मौतों में लगभग 11 प्रतिशत का योगदान देता है। आंकड़े मोटे तौर पर बताते हैं कि हर साल लगभग 500,000 सड़क यातायात दुर्घटनाएं होती हैं, जिसके परिणामस्वरूप 150,000 से अधिक लोग मारे जाते हैं और 500,000 से अधिक घायल होते हैं, जिनमें से कुछ स्थायी विकलांगता के शिकार हो जाते हैं। इनमें से एक बड़ा हिस्सा 18 से 45 वर्ष के आयु वर्ग के हैं, जो किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए सबसे अधिक उत्पादक आबादी है। दोपहिया सवार, सबसे कमजोर होने के कारण, मुख्य रूप से सिर की चोटों के कारण सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों का बड़ा हिस्सा हैं।

उन्होंने कहा कि दोपहिया दुर्घटना में चोटों और मौतों को कम करने के लिए सबसे प्रभावी उपायों में से एक मानक हेलमेट का उपयोग है लेकिन देश में हेलमेट का उपयोग कम पाया गया है। भारत यातायात दुर्घटनाओं, चोटों और मौतों के बढ़ते बोझ का सामना कर रहा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के परिवहन अनुसंधान विंग की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में भारत भर में 480,652 सड़क दुर्घटनाओं में से कुल 151,113 लोग मारे गए, औसतन 414 एक दिन या एक घंटे में 17 लोग मारे गए। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली कुल मौतों में से 31.4 प्रतिशत दोपहिया वाहन चालकों की हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129 के अनुसार दोपहिया सवारों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने भारतीय मानक ब्यूरो के परामर्श से बीआईएस मानकों के अनुसार हेलमेट का उपयोग अनिवार्य बनाया है। यह देखा गया है कि अधिकांश दोपहिया सवार आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न आय वर्ग में आते हैं और ऐसे हेलमेट खरीदना पसंद करते हैं जो सस्ते और गुणवत्ता में घटिया हों।

### केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी प्रारंभिक आंकड़े

# थोक मुद्रास्फीति 8.39 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली ।** थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर 2022 में घटकर 8.39 प्रतिशत रही जो बीते 19 माह का न्यूनतम स्तर है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी प्रारंभिक आंकड़ों में बताया कि अक्टूबर 2021 में थोक मुद्रास्फीति 13.83 प्रतिशत थी।



सितंबर 2022 में यह 10.79 प्रतिशत दर्ज की गयी थी। मंत्रालय के अनुसार थोक मुद्रास्फीति की दर में अक्टूबर, 2022 में गिरावट मशीनरी और उपकरणों, कपड़ा, अन्य गैर-धातु खनिज उत्पाद, खनिज आदि को छोड़कर मुख्य रूप से खनिज तेलों, आधार धातुओं, धातु उत्पादों की कीमतों में कमी के कारण हुयी है। इससे पूर्व मार्च 2021 में थोक मुद्रास्फीति 7.89 प्रतिशत दर्ज की गयी थी। खाद्य उत्पादों की थोक मुद्रास्फीति अक्टूबर 2022 में 8.33 प्रतिशत रही जो सितंबर 2022 में 11.03 प्रतिशत थी। इस दौरान साग- सब्जी की थोक मुद्रास्फीति 17.61 प्रतिशत दर्ज की गयी जो पिछले महीने 39.66 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार आलोच्य माह में ईंधन और ऊर्जा क्षेत्र में मुद्रास्फीति 23.17 प्रतिशत रही जो सितंबर 2022 में 32.61 प्रतिशत थी। विनिर्माण क्षेत्र में मुद्रास्फीति 4.42 प्रतिशत देखी गयी जो एक माह पहले 6.34 प्रतिशत थी। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने के लिए मई-सितंबर 2022 अवधि में ब्याज दरों को 1.90 प्रतिशत बढ़ा दिया है जो वर्तमान में 5.90 प्रतिशत है। पिछली तीन तिमाही से मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के छह प्रतिशत की सीमा से ऊपर बनी हुयी है।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 95 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम सोमवार को भी अपरिवर्तित रहे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.30 प्रतिशत उतरकर 95.70 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.46 प्रतिशत की गिरावट लेकर 88.55 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में पांच महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं।


| राजधानी (न्यू बॉम्बे) | |
|---|---|
| दिन | रात |
| 249 = 5 | 257 = 4 |
| 369 = 8 | 680 = 4 |
| शुभांक | |
| दिन | रात |
| 368 = 7 | 127 = 0 |
| 550 = 0 | 459 = 8 |
| भाग्यांक | |
| 2 3 | 4 9 |

www.kalyangame.com


## टेनिस की तरह टी20 में भी हो नहीं खेलने वाला कप्तान, धोनी को मिले यह रोल, पूर्व खिलाड़ी की मांग

टी20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में भारत को इंग्लैंड के खिलाफ 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। टीम इंडिया की इस हार के बाद काफी सवाल उठ रहे हैं। इस मैच में भारतीय टीम ने 168 रन का स्कोर बनाया था, लेकिन इंग्लैंड ने 16 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर लिया। विश्व कप जीतने का सपना देखने वाली भारतीय टीम सेमीफाइनल मुकाबले में पूरी तरह लाचार नजर आई। इसके बाद भारत की कप्तानी गेंदबाजी और टीम चयन पर सवाल उठ रहे हैं। भारत ने आखिरी आईसीसी ट्रॉफी 2013 में धोनी की कप्तानी में जीती थी। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में इंग्लैंड को हराकर खिताब अपने नाम किया था। इस बार उम्मीद लगाई जा रही थी कि रोहित शर्मा भारत को खिताब दिलाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। इस टूनार्मेंट में रोहित शर्मा की फॉर्म भी अच्छी नहीं थी। नीदरलैंड के खिलाफ अर्धशतक को छोड़कर, वह पाकिस्तान (4), दक्षिण अफ्रीका (15), बांग्लादेश (2), जिम्बाब्वे (15) और इंग्लैंड (27) का स्कोर ही बना पाए थे। भारत की हार के बाद पूर्व भारतीय खिलाड़ी अतुल वासन ने कहा है कि टी20 क्रिकेट में भी टेनिस की तरह न खेलने वाले कप्तान रखने का समय आ गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि धोनी को भारत का न खेलने वाला कप्तान बना देना चाहिए। अतुल वासन ने एक निजी चैनल से बातचीत में कहा ₹आप क्रिकेट के दो स्तर देख रहे हैं। आप कप्तान को दोष नहीं दे सकते, टीम प्रबंधन भी दोषी है।

जागरुकता

# हीटवेव और वायु प्रदूषण से बढ़ जाता है स्वास्थ्य जोखिम

सुबह की खबरों में आप देखते हैं कि मौसम के पूर्वानुमान में तेज गर्मी, और सप्ताह में बाद में अत्यधिक गर्मी की आशंका जताई गई है। आप उम्मीद कर रहे थे कि मौसम ठंडा हो जाएगा, लेकिन गर्मी की एक और लहर मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा बन रही है और जंगल की आग की संभावना को बढ़ा रही है। इन गर्म दिनों और रातों के अलावा, वायु गुणवत्ता के आंकड़े प्रदूषण का अस्वास्थ्यकर स्तर दिखा रहे हैं।

## जाना पहचाना

यह परिदृश्य दुनिया के कई हिस्सों में तेजी से सामान्य होता जा रहा है। तेज गर्मी और वायु प्रदूषण दोनो ही मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं, विशेष रूप से वृद्धों की कमजोर आबादी के लिए। लेकिन क्या होता है जब ये दोनों एक ही समय में सामने आते हैं? हमने यह पता लगाने के लिए 2014 से 2020 तक 15 लाख से अधिक मौतों की जांच की, जो कैलिफोर्निया में पंजीकृत हैं। यह एक ऐसा राज्य है जहां गर्मियों में ताप की लहरों के साथ ही जंगल की आग से वायु प्रदूषण की घटनाएं होती हैं।

## दोनों जोखिम अधिक होने पर मृत्यु दर बढ़ जाती है

उन दिनों में मृत्यु के मामले बढ़ जाते हैं, जब गर्मी हो और वायु को प्रदूषित करने वाले छोटे कण, जिन्हें पीएम2.5 कहा जाता है, की मात्रा हवा में बढ़ जाती है। लेकिन जब किसी क्षेत्र में उच्च गर्मी और उच्च वायु प्रदूषण दोनों की दोहरी मार पड़ती है, तो प्रभाव इन दोनो के अलग अलग होने पर पड़ने वाले प्रभाव से कहीं अधिक होता था। इन अतिरिक्त गर्म और प्रदूषित दिनों में मृत्यु का जोखिम अकेले उच्च गर्मी या उच्च वायु प्रदूषण के प्रभाव से लगभग तीन गुना अधिक था।

तापमान और प्रदूषण जितना अधिक होगा, जोखिम उतना ही अधिक होगा। सबसे गर्म और सबसे प्रदूषित दिनों के शीर्ष 10 प्रतिशत के दौरान, बिना चरम दिनों की तुलना में मृत्यु का जोखिम 4 प्रतिशत बढ़ गया। शीर्ष 1 प्रतिशत के दौरान, इसमें 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई और 75 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों में, उन दिनों मृत्यु का जोखिम एक तिहाई से अधिक बढ़ गया।

जब दोनों एक साथ होते हैं तो जोखिम अधिक क्यों होता है ऐसे कई तरीके हैं जिनसे अत्यधिक गर्मी और वायु प्रदूषण के संयुक्त संपर्क मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऑक्सीडेटिव तनाव वायु प्रदूषण और गर्मी के संपर्क से जुड़ा सबसे आम जैविक मार्ग है। ऑक्सीडेटिव तनाव प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन किस्मों, या आरओएस के रूप में पहचाने जाने वाले अत्यधिक प्रतिक्रियाशील अणुओं के उत्पादन और उन्हें हटाने की शरीर की क्षमता के बीच असंतुलन है। इसे अन्य बीमारियों के अलावा फेफड़ों की बीमारियों से जोड़ा जाता है। एंटीऑक्सिडेंट इन अणुओं को साफ करने में मदद करते हैं, लेकिन वायु प्रदूषण और गर्मी अत्यधिक चयापचय आरओएस उत्पादन और कम एंटीऑक्सीडेंट गतिविधि के माध्यम से इस संतुलन को बाधित करते हैं।



हमारे शोध से यह भी पता चला है कि रात में तापमान अधिक होने और प्रदूषण भी साथ होने पर वायु प्रदूषण और गर्मी के चरम का प्रभाव अधिक होता है। रात का उच्च तापमान सामान्य नींद में हस्तक्षेप कर सकता है और संभावित रूप से हृदय रोग और मोटापे जैसी स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकता है और साथ ही शरीर के तापमान को नियंत्रित करने के तरीके को बाधित कर सकता है।

वृद्धजन अत्यधिक गर्मी और वायु प्रदूषण जोखिम के प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं, क्योंकि यह उम्र से संबंधित पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों जैसे हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह या पुरानी फेफड़ों की बीमारी को बढ़ाने में सहायक होता है। उम्र बढ़ने के साथ गर्मी की प्रतिक्रिया में शरीर के तापमान में वृद्धि होने की आशंका भी रहती है। अधिक उम्र के लोग कहीं आने जाने में उतने सक्षम नहीं होते इसलिए कूलिंग सेंटर या चिकित्सा देखभाल के लिए जाने या फिर एयर कंडीशनिंग का खर्च उठाने में कम सक्षम होते हैं।

## उच्च तापमान और वायु प्रदूषण का भविष्य

यह सिर्फ कैलिफोर्निया की समस्या नहीं है। जलवायु परिवर्तन से देश के कई हिस्सों में गर्मी की तीव्रता और वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ जाएगा। अमेरिका में वार्षिक औसत तापमान 1900 की शुरुआत की तुलना में पहले से ही 1.8 डिग्री फ़ारेनहाइट (1 डिग्री सेल्सियस) से अधिक गर्म है। इस सदी के अंत तक, वैश्विक तापमान लगभग 5 डिग्री फ़ारेनहाइट (2.7 सेल्सियस) गर्म होने के रास्ते पर है। खतरनाक अत्यधिक गर्मी की लहरें, जो वर्तमान में कम होती हैं, अधिक सामान्य हो जाएंगी।

जलवायु परिवर्तन बाहरी सूक्ष्म कणों के प्रदूषण के स्तर को भी प्रभावित कर रहा है - उदाहरण के लिए, मौसम परिवर्तन जैसे हवा के ठहराव की घटनाओं, हवा और धूल भरी आंधी, और शुष्क और गर्म परिस्थितियों के कारण जंगल की आग की घटनाओं की तीव्रता और संख्या बढ़ती है।

## सुरक्षित रहने के लिए क्या करें?

इन प्रभावों को बेहतर ढंग से समझने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है, जैसे कि जंगल की आग के धुएं के संपर्क का पूरा प्रभाव। हालांकि, यह पर्याप्त ज्ञात है कि लोगों को अत्यधिक गर्मी या वायु प्रदूषण की अवधि के दौरान नुकसान के जोखिम को कम करने के उपाय करने चाहिए। इसका मतलब है कि लगातार पानी या कोई अन्य पेय पीते रहना और शरीर को भरसक ठंडा रखना। शॉपिंग मॉल और अन्य वातानुकूलित सार्वजनिक स्थान गर्मी से बचाव प्रदान कर सकते हैं। होम एयर कंडीशनिंग, विशेष रूप से रात के समय, मृत्यु दर को कम कर सकता है। बेडरूम में एक पोर्टेबल एयर फिल्टर कण प्रदूषण के स्तर को काफी कम कर सकता है।

जिन लोगों को गर्मी के तनाव के लक्षण जैसे सिरदर्द, मतली, चक्कर आना या भ्रम, विशेष रूप से बुजुर्गों को चिकित्सा देखभाल लेनी चाहिए। कई काउंटी और राज्य के स्वास्थ्य विभाग पहले से ही अत्यधिक गर्मी और अत्यधिक वायु प्रदूषण के बारे में अलर्ट प्रदान करते हैं। एक साथ होने वाली चरम सीमाओं के दौरान अलर्ट की एक विशेष श्रेणी विकसित करना सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है।

भविष्य के सबसे खराब जलवायु परिवर्तन परिदृश्यों से बचने के लिए सरकारों को भी अभी कदम उठाने की जरूरत है। शहरों के लिए कुछ सर्वोत्तम प्रथाओं में कूलिंग शेड कवर और ग्रीन स्पेस बनाना शामिल है जो कण प्रदूषण को भी कम करेगा।

द कन्वरसेशन

कोविड अपडेट

## शोधकर्ताओं ने कोविड बीमारी के लिए नए इलाज का पता लगाया



शोधकर्ताओं ने कोविड-19 बीमारी के लिए एक नए इलाज की पहचान की है और उनका कहना है कि इससे भविष्य में वायरस के नए स्वरूपों से भी सुरक्षा मिल सकेगी। ब्रिटेन के केंट विश्वविद्यालय और जर्मनी के गोएथे-विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने सार्स-सीओवी-2 ओमीक्रोन और डेल्टा वायरस की संवेदनशीलता का परीक्षण किया। उन्होंने मौजूदा दवा बीटाफेरॉन के साथ स्वीकृत चार एंटीवायरल दवाओं के संयोजन के संदर्भ में नए परीक्षण किए।

बीटाफेरॉन एंटीवायरल दवा है जो शरीर में स्वाभाविक रूप से भी उत्पन्न होता है और शरीर को वायरस के संक्रमण से बचाता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि कोविड के मौजूदा चरणों के दौरान शुरुआती दौर की अपेक्षा कम लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और कम मरीजों की मौतें हुईं। उन्होंने कहा कि इसकी वजह बड़े पैमाने पर टीकाकरण है। उन्होंने कहा कि हालांकि, कई लोगों की प्रतिरक्षा प्रणाली में दोष होता है और वे टीकाकरण के बाद भी खुद को कोविड से प्रभावी ढंग से नहीं बचा पाते हैं। नया अध्ययन जर्नल ऑफ इंफेक्शन नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

अध्ययन में कहा गया है कि नया संयोजन इलाज वायरस के नए स्वरूपों को रोक सकता है। केंट विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मार्टिन माइकलिस ने कहा कि नए निष्कर्ष रोमांचक हैं और इससे कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले कोविड मरीजों के इलाज में मदद मिलेगी।

जागरुकता

# हृदय रोगों से निपटने में योग से मदद संभव : विशेषज्ञ

प्रख्यात विशेषज्ञों का कहना है कि योग से हृदय संबंधी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है। उनका मानना है कि हृदय रोग से पीड़ित लोगों की संख्या खराब जीवनशैली, व्यायाम की कमी, गलत आहार और तनाव की वजह से उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। विशेषज्ञों की मानें तो आने वाले दशकों में भारत में हृदय रोग महामारी का रूप धारण कर सकता है। अमेरिकिन एकेडमी ऑफ योग ऐंड मेडिटेशन (एएवाईएम) ने चेतावनी दी है कि आने वाले दशक में भारत हृदय संबंधी बीमारियों के मामले में सभी पश्चिमी देशों को पीछे छोड़ देगा। एएवाईएम फिजिशियन, वैज्ञानिकों और अन्य शिक्षाविदों का गैर लाभकारी संगठन है जो नियमित तौर पर डॉक्टरों को चिकित्सा में योग के इस्तेमाल को समझने के लिए प्रशिक्षण देता है। अमेरिकी अकादमी ने कहा कि भारत मधुमेह (डायबिटीज) और उच्च रक्तचाप के मामले में महामारी जैसी स्थिति का सामना कर रहा है और दुनिया की हृदय रोग राजधानी बनने की ओर बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि एएवाईएम अपने सार्वजनिक मंच गंगा मिसिसीपी संवाद के नाम से ऑनलाइन संगोष्ठी आयोजित कर रहा है जिसमें यह रेखांकित किया जा रहा है कि हृदय रोगों को रोकने के लिए कैसे योग का इस्तेमाल किया जा सकता है। बयान में कहा गया कि हृदयघात, स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और धमनियों के बाधित होना कुछ बीमारी हैं जिन्हें योग ए या तो रोका जा सकता है या कम किया जा सकता है। बयान के मुताबिक 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को तीन अक्टूबर को अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता पैदा करने के लिए प्रसारित किया जाएगा। विश्व के सबसे पुराने और विशाल योग विश्वविद्यालय और चिकित्सा केंद्र स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान (एस-व्यास) के संस्थापक कुलपति डॉ.एच.आर.नगेंद्र ने कहा, खराब जीवनशैली के चुनाव से वैश्विक स्तर पर हृदय संबंधी रोगों में अचानक बढ़ोतरी हुई है। यह संस्थान बीमारियों को ठीक करने के लिए योग का इस्तेमाल करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई सहित प्रमुख हस्तियों के योग सलाहकार डॉ.नगेंद्र ने कहा, तनाव मुख्य रूप से जानलेवा है और योग स्वतः तंत्रिका तंत्र को संतुलित कर तनाव और उसके खराब असर को दूर करता है। मेम्फिस स्थित मेम्फिस विश्वविद्यालय से सबद्ध स्कूल ऑफ हेल्थ में प्रोफसर व वीए मेडिकल सेंटर में हृदय रोग विशेषज्ञ एवं कार्डियक इलेक्ट्रोफिजियोलॉजिस्ट डॉ. इंद्रनील बसु राय ने कहा कि कई अनुसंधान पत्रों और वृहद विश्लेषण से हृदय रोग के खतरे से बचने में योग के सकारात्मक असर का पता चलता है।



उन्होंने कहा, इसलिए, नियमित योग करने से दिल का दौरा पड़ने, स्ट्रोक, हृदयघात और धमनियों के बाधित होने के खतरे को कम करने में मदद मिल सकती है। डॉ. राय ने कहा, एडवांस मोलिकुलर बायोलॉजी और इमेजिंग प्रौद्योगिकी ने स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है कि योग से तनाव पैदा करने वाले जीन की गतिविधि सीमित हो सकती है जो रक्त वाहिकाओं में तनाव बढ़ाता है और जिससे दिल का दौरा पड़ने, स्ट्रोक और हृदयघात हो सकता है। प्रभावशाली अंतराष्ट्रीय योग संगठन आईएवाईटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. दिलीप सरकार ने कहा, तनाव उच्च रक्तचाप और मधुमेह का मूल कारण है और दवा से इसमें सुधार हो सकता है लेकिन पूरी तरह से ठीक या लगाम योग और ध्यान के साथ जीवनशैली में बदलाव के साथ ही लगाई जा सकती है। नई दिल्ली के नजदीक प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान के हृदय सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. निर्मल गुप्ता ने कहा, इस महामारी से होने वाली मौतों और पीड़ा से नियमित योग और ध्यान, कम वसा युक्त भोजन और तनाव मुक्त जीवनशैली अपना कर बचा जा सकता है।

लाइफस्टाइल

# अनिद्रा, तनाव 'दिल का दौरे' के प्रमुख कारण

विशेषज्ञों का कहना है कि बदलती जीवनशैली, तनाव का बढ़ता स्तर, अनिद्रा, पौष्टिक भोजन न करना और व्यायाम की कमी कम उम्र के लोगों में दिल का दौरा पड़ने के मामलों में वृद्धि के प्राथमिक कारण हैं। हाल में, हास्य-कलाकार राजू श्रीवास्तव (58) को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था और इसके बाद यह मुद्दा फिर से सुर्खियों में है। इस साल मई में, प्रसिद्ध गायक केके (53) का कोलकाता में एक संगीत कार्यक्रम के बाद हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। वहीं, पिछले साल, अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला (40), पुनीत राजकुमार (46), अमित मिस्त्री (47) का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

नवी मुंबई में अपोलो अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ निखिल परचुरे ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पिछले 20 साल में भारत में दिल का दौरा पड़ने के मामलों की दर दोगुनी हो गई है और अधिकतर युवा अब इसका शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल का दौरा पड़ने के 25 फीसदी मामले 40 साल से कम उम्र के लोगों में देखे जा रहे हैं।

उन्होंने कहा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल जैसे अन्य जोखिम वाले कारकों में धूम्रपान सबसे महत्वपूर्ण है। इसके अलावा बदलती जीवनशैली, ठीक से नींद न लेना, पौष्टिक भोजन न करना और व्यायाम में कमी, तनाव का बढ़ना आदि युवा लोगों में दिल का दौरे पड़ने के कारणों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, कोविड-19 भी भारत में युवा लोगों में दिल के दौरे के मामलों में वृद्धि के लिए जिम्मेदार है।

मुंबई में सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में हृदय विज्ञान विभाग में सलाहकार डॉ. अजीत मेनन ने दावा किया कि भारत दुनिया की मधुमेह राजधानी बन रहा है और इसलिए यहां ज्यादातर युवाओं में दिल का दौरा पड़ने के मामले बढ़ रहे हैं। मेनन ने भारतीयों के शरीर क्रिया विज्ञान को भी इसका एक अन्य कारक बताया है। उन्होंने कहा, एक औसत भारतीय के पास, यूरोप के किसी व्यक्ति की तुलना में समान बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) है, लेकिन भारतीयों के शरीर में वसा सामग्री अधिक है और यह अंतर काफी चौंका देने वाला है।

बीएमआई यह बताता है कि आपके शरीर का वजन आपकी लंबाई के अनुसार ठीक है या नहीं। उन्होंने कहा कि एक औसत यूरोपीय के शरीर में वसा की मात्रा सात से आठ प्रतिशत है, जबकि एक औसत भारतीय के शरीर में वसा की मात्रा लगभग 12 से 23 प्रतिशत है।

प्रमुख कार्डियक सर्जन और मुंबई के एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट के प्रमुख डॉ. रमाकांत पांडा ने भी आनुवंशिक प्रवृत्तियों को एक महत्वपूर्ण कारक बताया। उन्होंने कहा, युवाओं में दिल की समस्याओं के अन्य सामान्य कारणों में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मौजूदा चिकित्सा स्थितियां, धूम्रपान, मोटापा, तनाव, व्यायाम की कमी और पर्यावरण प्रदूषण जैसी जीवन शैली की समस्याएं शामिल हैं।



# स्टेंट में टिश्यू की समस्या रोकने में मददगार है तकनीक

भारत में हर साल एक लाख से अधिक हृदय रोगियों की एंजियोप्लास्टी होती है। लेकिन छह से नौ महीने बाद 3 से 10 फीसदी मरीजों को स्टेंट रेस्टेनोसिस की समस्या का सामना करना पड़ जाता है। ऐसा स्टेंट के अंदर टिशूज में वृद्धि होने के कारण होता है। कुछ नई तकनीकों की मदद से रेस्टेनोसिस की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

डॉ. (प्रो.) तरुण कुमार, प्रोफेसर कार्डियोलॉजी, डॉ. आरएमएल अस्पताल ने कहा रेस्टेनोसिस, स्टेंट सेगमेंट के संकुचित होने की प्रक्रिया है जो अक्सर स्टेंट लगाने के 3 से 12 महीने बाद नजर आने लगती है। आईएसआर (इन-स्टेंट-रेस्टेनोसिस) दर बीएमएस, पहली पीढ़ी के डीईएस और दूसरी पीढ़ी के डीईएस के लिए क्रमशः 30.1त्न, 14.6त्न और 12.2त्न है। इन-स्टेंट रेस्टेनोसिस दर में पर्याप्त कमी दर्शाती है। हालांकि छह से नौ महीनों के भीतर 3 से 10त्न रोगियों को अब भी, इन-स्टेंट-रेस्टेनोसिस होता है। रेस्टेनोसिस के इलाज के लिए प्रोसीजर करना काफी जटिल है। नई तकनीकों ने हृदय रोग विशेषज्ञों को रेस्टेनोसिस दर को कम कने में मदद की है।

इंट्रावास्कुलर अल्ट्रासाउंड (आइवस) और ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी (ओसीटी) इमेजिंग मेथड्स हैं जो लक्षण, उसके मूल्यांकन, नसों की सही स्थिति और स्टेंट इनग्रोथ की सटीक स्थिति मालूम करने में सहायता करती हैं, जिनमें से सभी परक्यूटेनियस कोरोनरी इंटरवेंशन (पीसीआई) की प्रक्रिया को सरल बनाने में योगदान करते हैं और समय के साथ आईएसआर की संभावना को कम करने में मदद करते हैं।

इमेजिंग टेक्नोलॉजी - पीसीआई के लिए नस में स्टेंट की जगह बनाने में इंट्राकोरोनरी इमेजिंग की भूमिका महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से पीसीआई में, जो सम्पूर्ण इलाज के दौरान अधिक जटिल और उच्च जोखिम भरे हिस्से के रूप में जाना जाता है। इमेजिंग के उपयोग से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए इसका उपयोग स्टेंट लगाने से पहले, उसके दौरान और उसके बाद किया जाना चाहिए क्योंकि पीसीआई प्रक्रिया के सभी चरणों में इसकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है।

स्टेंट टेक्नोलॉजी- पॉलिमर-फ्री स्टेंट- वर्तमान में रोगों के निदान में पॉलिमर-मुक्त बायोलिमस ए9-एल्यूटिंग स्टेंट या बायोडिग्रेडेबल-पॉलीमर सिरोलिमस-एल्यूटिंग स्टेंट या पॉलीमर-फ्री सिरोलिमस और प्रोब्यूकॉल-एल्यूटिंग स्टेंट उपयोग में लाए जा रहे हैं। नैदानिक परीक्षणों में, इन पॉलीमर-मुक्त स्टेंट ने स्थिर पॉलीमर-आधारित स्टेंट की तुलना में संख्यात्मक रूप से बेहतर परिणाम दिए है। यह क्लीनिकल रिपोर्ट डायबिटीज मेलिटस और सीएडी के रोगियों और बिना इन रोगों के मरीजों के बीच पॉलीमर-फ्री व न्यू जनरेशन ड्यूरेबल पॉलीमर ड्रग-एल्यूटिंग स्टेंट के दस साल के क्लिनिकल परीक्षणों के परिणामो का तुलनात्मक अध्ययन है।

बायोरेसोरेबल स्टेंट- महत्वपूर्ण तकनीकी सफलताओं के साथ, बायोरेसोरेबल स्कैफोल्ड्स (बीआरएस) में कार्डियक रिवास्कुलराइजेशन थेरेपी में चौथे चरण का विकास है। ये स्टेंट इंप्लांट होने के दो से तीन साल बाद, शरीर में स्वाभाविक रूप से और सुरक्षित रूप से घुल जाती है, जिससे रोगी की आर्टरीज अपनी मूल स्थिति में वापस आ जाती। मुख्यतः इसे लौह-आधारित और मैग्नीशियम-आधारित मिश्र धातु से बनाया जाता रहा हैं, हाल के शोध में इस स्टेंट को निर्मित करने के लिए जिंक पर भी ध्यान दिया गया है।

# राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 1-7 सितंबर तक

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह हर साल 1 सितंबर से लेकर 7 सितंबर तक मनाया जाता है। इसका उद्देश्य पोषण के महत्व के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ाना है। यह तो सभी को पता है कि स्वस्थ रहने के लिए शरीर को प्रोटीन, विटामिन व मिनरल जैसे पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। इसको ध्यान में रखते हुए हर साल राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है।

दरसअल, व्यक्ति की असली संपत्ति उसका स्वास्थ्य है। स्वास्थ्य अच्छा होगा तो व्यक्ति तनाव से कोसों दूर रहेगा और आनंदपूर्वक लंबी उम्र जी सकता है। लोगों को स्वास्थ्य के बारे में शिक्षित करने के लिए भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय का खाद्य और पोषण बोर्ड हर साल राष्ट्रीय पोषण सप्ताह हर साल आयोजन कराता है। सरकार हर वर्ष इसके लिए अलग-अलग थीम रखती है। जैसे 2021 में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह की थीम थी- 'शुरू से ही स्मार्ट तरीके से खाएं' रखी गई थी। उसी तरह इस बार भी इसकी अलग थीम रखी गई है- 'सेलिब्रेट वर्ल्ड ऑफ फ्लेवर'।

## नई थीम का उद्देश्य

इसमें बताया गया है कि व्यक्ति को नए-नए व्यंजनों को आजमाना चाहिए, जो पोषक तत्वों से भरपूर हो। इसके अंतर्गत आप नए फल व नई सब्जियां आजमा सकते हैं। दुनिया भर के नए फलों और सब्जियों का स्वाद लेने का अवसर लें, जिन्हें आप समान रूप से नहीं खा सकते हैं। कोशिश करें कि रात के मेन्यू में कैक्टस सलाद, कुरकुरे जीका व आदि फलों की चटनी को शामिल करें। दुनिया भर के फलों और सब्जियों को आजमाने से न केवल मस्तिष्क अलग-अलग व्यंजनों के लिए खुल जाता है, बल्कि पूरे साल भर फलों और सब्जियों का आनंद लेने के अधिक रास्ते खुल जाते हैं।

## पोषण सप्ताह की शुरुआत

पोषण सप्ताह पहली बार मार्च 1975 में एडीए (अमेरिकन डायटेटिक एसोसिएशन, अब - न्यूट्रिशन और डाइट साइंस एकेडमी) के सदस्यों द्वारा पोषण शिक्षा की जरूरत के बारे में जन जागरुकता बढ़ाने के साथ-साथ डाइट एक्सपर्ट्स के पेशे को बढ़ावा देने के लिए मनाया गया था। जनता की प्रतिक्रिया इतनी सकारात्मक थी कि सप्ताह भर चलने वाले उत्सव को 1980 में एक महीने तक चलने वाले कार्यक्रम में विस्तारित कर दिया गया। भारत सरकार ने 1982 में एक अभियान, राष्ट्रीय पोषण सप्ताह शुरू करने का निर्णय लिया। यह अभियान व्यक्तियों को पोषण के महत्व के बारे में शिक्षित करने और उन्हें एक हेल्दी लाइफस्टाइल जीने का आग्रह करने के लिए बनाया गया था।

## डाइट एक्सपर्ट के साथ पोषण सप्ताह मनाएगा ओम फाउंडेशन

प्रधानमंत्री मोदी जी ने भी अपने मन की बात में पोषण पर जोर दिया। इस पोषण सप्ताह में हम पोषण विशेषज्ञों के जरिये सेवा बस्तियों के बच्चों और उनकी माताओं तथा स्कूली बच्चों को बताएंगे कि कम खर्चे में बढ़िया पोषण कैसे लिया जा सकता है। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह (1-7 सितंबर) की पूर्व संध्या पर ओम फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष सूर्यपुत्री रश्मि मल्होत्रा ने उक्त बातें कहीं। आगामी सात दिनों के कार्यक्रम के बारे में उन्होंने बताया कि एक सितंबर को पोषण पर वर्कशॉप आयोजित किया जाएगा, जिसमें सेवा बस्ती के बच्चों एवं माताओं में दूध का वितरण किया जाएगा। इसमें बच्चों को जहां दूध का महत्व समझाया जाएगा, वहीं उनकी माताओं को कम खर्चे में पौष्टिक आहार जैसे दाल, मोटा अनाज के विकल्प बताए जाएंगे। दो सितंबर को बच्चों को साबुत अनाज का पौष्टिक महत्व बताया जाएगा। तीन सितंबर को दयाल सिंह कॉलेज में रोटरैक्ट क्लब के सौजन्य से बैलेंस्ड डाइट पर सेमिनार होगा, जबक चार सितंबर को न्यूट्रिशनिस्ट पारुल बहल द्वारा किशोरियों के लिए स्पेशल सेशन होगा। पांच सितंबर को हरि नगर में सोनाली सहगल द्वारा फल वितरण कार्यक्रम है, छह सितंबर को गरीब महिलाओं के बीच दलिया वितरण कार्यक्रम है और सात सितंबर को न्यूट्रिशनिस्ट पारुल बहल एसकेवी की किशोरियों के बीच सेमिनार है। सूर्यपुत्री रश्मि मल्होत्रा ने बताया कि उनकी संस्था पिछले 10 वर्षों से राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाती आ रही हैं। इस अभियान की थीम है- सही पोषण, देश रोशन, नहीं रहे कोई कुपोषण।



# जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर सोनिया गांधी समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सोमवार, 14 नवंबर को देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सोनिया गांधी ने जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों नेता नेहरू के समाधि स्थल शांति वन पहुंचे और उन्हें पुष्प अर्पित किए। कांग्रेस ने ट्विटर पर इस पर एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि भारत के विकास में पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के योगदान के लिए राष्ट्र उनका स्मरण कर रहा है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने पंडित नेहरू की जयंती पर ट्विटर पर एक वीडियो शेयर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रियंका ने वीडियो के कैप्शन में लिखा कि हमें ऐसे आजाद महान भारत

### पीएम मोदी ने भी ट्वीट के जरिए किया याद

का निर्माण करना है, जहां उनके सारे बच्चे रह सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने एक ट्वीट में लिखा कि हमारे पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। हम राष्ट्र के लिए उनके योगदान को याद करते हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पंडित नेहरू को प्रदेश कांग्रेस कमेटी पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की। कांग्रेस सरकार ने जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर जयपुर में त्रिपोलिया गेट से प्रतीकात्मक भारत जोड़ो पदयात्रा की शुरुआत की. देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर कांग्रेस समेत भाजपा शासित राज्यों में भी उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बेगलुरु में पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि दी। सीएम बोम्मई ने पंडित नेहरू के तस्वीर के आगे हाथ जोड़े और उन्हें पुष्प अर्पित किए। राहुल गांधी ने भी पंडित नेहरू की जयंती पर उन्हें याद करते हुए ट्विटर पर एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने इस वीडियो के कैप्शन में पूछा कि कौन है भारत माता? इस विशाल भूमि में फैले भारतवासी सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। भारतमाता यही करोड़ों-करोड़ जनता है। उन्होंने लिखा कि पं. नेहरू के इन्हीं लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को दिल में लेकर चल रहा हूं, हिंद के जवाहर की भारत माता की रक्षा के लिए।

# भाजपा ने जारी की 12 उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट, अल्पेश ठाकोर की बदली सीट

**अहमदाबाद, (एजेंसी)।** गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट जारी की है। अल्पेश ठाकोर को गांधीनगर दक्षिण भेजा गया, पिछला चुनाव अल्पेश ने राधनपुर से लड़ा था। राधनपुर से लविंग जी ठाकोर को उम्मीदवार बनाया है। अब तक पार्टी ने गुजरात के लिए 179 उम्मीदवारों के नाम जारी किए हैं।

### पार्टी ने 179 प्रत्याशी किए हैं घोषित

भाजपा ने गांधीनगर उत्तर से रीताबेन पटेल को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने रविवार को एक उम्मीदवार की घोषणा की थी। पार्टी ने वधावन विधानसभा क्षेत्र से जगदीशभाई मकवाना को मैदान में उतारने का एलान किया था। इससे पहले शनिवार को भाजपा ने छह उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की थी। छह उम्मीदवारों की दूसरी सूची में भाजपा ने दो महिलाओं को टिकट दिया था। इसमें धोराजी से महेंद्रभाई पडलिया, खंभालिया से मुलुभाई बेरा, कुटियाना से ढेलीबेन मालदेभाई ओदेदरा, भावनगर पूर्व से सेजल राजीव कुमार पांड्या, देदियापाड़ा (एसटी) से हितेश देवजी वसावा और चोरयासी से संदीप देसाई को मैदान में उतारा गया।

## योगी ने किया 400 लोगों की समस्याओं का समाधान

**गोरखपुर, (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दरबार में आए लोगों को आश्वासन दिया की उनकी समस्याओं का निपटान तय समय में किया जाएगा और गंभीर बीमारियों में किसी भी प्रकार की सहायता के लिए व्यवस्था की जाएगी।श्री योगी ने करीब 400 लोगों की शिकायतों को सुनने के बाद कहा कि सरकार की प्राथमिकता लोक कल्याण है। सभी मुद्दों को प्रभावी ढंग से हल किया जाएगा। गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। सरकार तुरंत अनुमान मिलने पर जरूरतमंदों को धन मुहैया कराएगी। मुख्यमंत्री ने समस्याओं को सुनने के बाद आवश्यक निर्देशों के साथ उनके आवेदनों को अधिकारियों के पास भेज दिया और सभी को हर मामले में त्वरित तथा प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## बेसिक शिक्षकों के पदोन्नति की डीजी से की गई मांग

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** वैचारिक शिक्षक वेलफेयर एसोशिएशन उत्तर प्रदेश के समस्त पदाधिकारियों की बैठक सोमवार को हुई। वैचारिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह के बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में विभिन्न शैक्षिक एवं सामाजिक मुद्दों पर वृहद चर्चा हुई, जिसमें बेसिक शिक्षकों का प्रदेश में कई वर्षो से पदोन्नति नहीं किए जाने पर सभी पदाधिकारियों ने आक्रोश जाहिर किया और प्रदेश अध्यक्ष वैचारिक शिक्षक संघ से मांग की गई कि वह इस शीघ्र मुद्दे पर प्रदेश के बेसिक शिक्षा महानिदेशक विजय किरन आनंद से मिलकर वार्ता करें। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षको के पदोन्नति एवं जनपदीय, अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के लिए शीघ्र एक प्रतिनिधि मंडल महानिदेशक बेसिक शिक्षा श्री विजय किरन आनंद से मिलकर सभी लोग निवेदन करेंगे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को सामान्य निर्वाचन नगरीय निकाय को सकुशल ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रभारी/सहायक प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिन अधिकारियों जो दायित्व सौंपे गए है, उसको समय से पूर्ण करने की कार्रवाई करें। उन्होंने उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं अपर नगर मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने क्षेत्रों के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, फर्नीचर सहित अन्य आवश्यक आवश्यकताओं की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

## आज का इतिहास

- 1830 : समाज सुधारक राजा राम मोहन राय इंग्लैंड के लिए रवाना हुए।
- 1866 : भारत की प्रथम महिला बैरिस्टर कार्नेलिया सोराबजी का जन्म।
- 1920 : जिनेवा में लीग ऑफ नेशंस की पहली बैठक आयोजित की गई।
- 1932 : जर्मनी में मुद्रा स्फीर्ति की दर अत्यधिक उच्चतम स्तर पर जा पहुँची।
- 1947 : विश्व स्वास्थ्य संगठन संयुक्त राष्ट्र का विशिष्ट अभिकरण बन गया।
- 1949 : महात्मा गांधी की हत्या के दोषी नाथूराम गोडसे और नारायण दत्तात्रेय आप्टे को फाँसी दी गई।
- 1955 : पोलैंड और यूगोस्लाविया के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- 1961 : संयुक्त राष्ट्र ने परमाणु हथियारों पर रोक लगाई।
- 1982 : सामाजिक कार्यकर्ता विनोबा भावे का निधन।

### हाईकोर्ट ने दिया मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को बड़ा झटका

# केरल के एक विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति की रद्द



**कोच्चि, (एजेंसी)।** केरल हाईकोर्ट ने सोमवार को एक विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति को रद्द करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को बड़ा झटका दिया है। विश्वविद्यालयों के कामकाज को लेकर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और उनकी सरकार के बीच चल रहे विवाद के बीच हाईकोर्ट का ताजा आदेश सीएम के लिए यह बड़ा झटका है।

हाईकोर्ट ने केरल मत्स्य पालन और महासागर अध्ययन विश्वविद्यालय (केयूएफओएस) के कुलपति के तौर पर डॉ. के रीजि जॉन की नियुक्ति को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि उनकी नियुक्ति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मानदंडों के खिलाफ है। न्यायमूर्ति एस मणिकुमार और न्यायमूर्ति शाजी पी चाले की पीठ ने कहा कि डॉ. के रीजि जॉन को केयूएफओएस का कुलपति नियुक्त करने के दौरान यूजीसी के उस नियम का पालन नहीं किया गया, जिसके तहत कुलाधिपति को तीन या उससे अधिक दावेदारों की सूची भेजना अनिवार्य है। पीठ ने कहा कि नए कुलपति के चयन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए कुलाधिपति एक चयन कमेटी गठित कर सकते हैं। उसने स्पष्ट किया कि कुलपति के चयन में यूजीसी के मानदंडों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

### जॉन को दिया था कारण बताओ नोटिस

उन्होंने जॉन को कारण बताओ नोटिस भेजकर पूछा था कि शीर्ष अदालत द्वारा यूजीसी के नियमों के उल्लंघन का हवाला देते हुए एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति को खारिज किए जाने के मद्देनजर उन्हें कुलपति के पद पर बने रहने की अनुमति क्यों दी जानी चाहिए। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में, राज्य मंत्रिमंडल ने विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में राज्यपाल को हटाने के लिए एक अध्यादेश या विशेष आदेश लाने के लिए मतदान किया था। कैबिनेट के कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यपाल खान ने कहा कि अगर अध्यादेश राजभवन भेजा जाता है तो वह इसे राष्ट्रपति के पास भेजेंगे।

### दो याचिकाओं की सुनवाई पर आया फैसला

उच्च न्यायालय का यह फैसला जॉन की नियुक्ति को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर आया है। यह फैसला राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा जॉन का इस्तीफा मांगे जाने के कदम को जायज ठहराता है। खान ने इस आधार पर जॉन का इस्तीफा मांगा था कि उच्चतम न्यायालय ने ऐसे ही एक अन्य मामले में कहा था कि यूजीसी के मानदंडों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा गठित चयन कमेटी को कम से कम तीन उपयुक्त दावेदारों के नामों की सिफारिश करनी चाहिए थी।

## खेरसॉन से निकल रही लाशें, 400 से ज्यादा वॉर क्राइम

**कीव, (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने एक बार फिर रूसी बर्बरता का खुलासा किया है। देश के नाम एक संबोधन में जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के खूबसूरत शहर खेरसॉन शहर से रूसी सेना खदेड़ी जा चुकी है, लेकिन, यहां की खौफनाक तस्वीरें अब सामने आ रही हैं। जेलेंस्की के मुताबिक, खेरसॉन शहर से यूक्रेनी सैनिकों और आम लोगों की लाशें लगातार निकल रही हैं। उन्होंने इस शहर में रूस के 400 से ज्यादा वॉर क्राइम करने का दावा किया है।

रविवार रात को देश के नाम अपने संबोधन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि जांचकर्ता पहले ही 400 से अधिक रूसी युद्ध अपराधों का दस्तावेजीकरण कर चुके हैं। इस बात की काफी संभावना है कि खेरसॉन शहर में रूसी बर्बरता की और तस्वीरें भी सामने आएं। फिलहाल शहर से नागरिकों और सैनिकों के शव लगातार मिल रहे हैं। बता दें कि जेलेंस्की ने दो दिन पहले कहा था कि खेरसॉन अब हमारा हो चुका है।

यूक्रेनी सेना की विशेष टुकड़ियों ने खेरसॉन शहर में एंट्री ले ली है। उन्होंने कहा था कि हम जल्द ही देश के अन्य हिस्सों से भी रूसी कब्जे को समाप्त करेंगे।

# तिहाड़ जेल के अधिकारी अजीत कुमार सस्पेंड

### सत्येंद्र जैन को वीआईपी ट्रीटमेंट देना पड़ा महंगा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को वीआईपी ट्रीटमेंट देने को लेकर तिहाड़ जेल नंबर-7 के जेल अधीक्षक अजीत कुमार, दानिक्स को निलंबित कर दिया है। दिल्ली सरकार के कारागार विभाग ने कहा कि प्रथम दृष्टया ये पाया गया है कि उन्होंने ऐसी अनियमितताएं की हैं, जिनकी जांच की आवश्यकता है। सूत्रों के मुताबिक, कैदी सत्येंद्र जैन को अनुचित और अवैध लाभ प्रदान करना पाया गया है।

भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने पिछले हफ्ते दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन को वीआईपी ट्रीटमेंट मिलने का आरोप लगाते हुए उन्हें तिहाड़ जेल से स्थानांतरित करने की मांग की थी। सत्येंद्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में मई में गिरफ्तारी के बाद से जेल में हैं। वर्मा ने कहा था कि एक समय था जब तिहाड़ जेल का नाम सुनकर आरोपी डर जाते थे, लेकिन आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सरकार के मंत्री भी जेल से नहीं डरते। उल्टे केजरीवाल के मंत्री सत्येंद्र जैन वहां मसाज करवा रहे हैं। भाजपा नेता की टिप्पणी प्रवर्तन निदेशालय की ओर से सत्येंद्र जैन के खिलाफ कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले से संबंधित जमानत की सुनवाई में दलीलें खत्म करने के बाद आई थी। ईडी ने दिल्ली की एक अदालत को बताया था कि उन्होंने (सत्येंद्र जैन) जेल में अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया। उन्हें ताजे कटे हुए फल और मालिश प्रदान की गई है।

**ठग सुकेश ने भी उगाही के आरोप लगाए:** जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने भी हाल ही में सत्येंद्र जैन पर गंभीर आरोप लगाए थे। सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि जैन ने जेल में उसकी सुरक्षा के बदले 2019 में उससे 10 करोड़ रुपए की उगाही की थी।

### ईडी ने किया था गिरफ्तार

ईडी ने भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के जरिए 2017 में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जैन को इस साल मई में गिरफ्तार किया था। जैन पर उनसे जुड़ी चार कंपनियों के माध्यम से धन शोधन करने का आरोप लगाया गया है।

# पंडित नेहरू ने रखी देश की मजबूत आधारशिला: तिवारी



**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती सोमवार को बड़े ही सादगी के साथ मनाई गई। आनंद भवन में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मौजूद पार्टी से राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने उन्हें विश्व शांति का प्रतीक बताया और कहा कि उन्होंने देश की मजबूत आधारशिला रखी।

सोमवार को जिला शहर कांग्रेस के सैकड़ो पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ का हुजूम सांसद प्रमोद तिवारी और प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय की अगुवाई में सुबह 10 बजे आनंद भवन पहुंचा। यहां कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर पुष्प बरसाए। इस दौरान उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कांग्रेस स्टेरिंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा की पंडित नेहरू ने धर्म निरपेक्ष भारत की नींव रखी। वह 20वीं सदी के महान नेता थे। प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा की आधुनिक भारत के शिल्पी पंडित जवाहर लाल नेहरू का कद छोटा

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

दिखाने के लिए कोई चाहे कितना भी गड़े हुए मुर्दे उखाड़े, मगर नेहरू का कद छोटा होने वाला नहीं है। अजय राय ने नेहरू के योगदान की सराहना की और कहा कि नेहरू ने भारत को संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणतंत्र बनाने में अहम भूमिका निभाई है। वहीं कांग्रेसियों ने बालसन चौराहा स्थित नेहरू प्रतिमा पर भी पुष्प चढ़ाकर उनका स्मरण किया। इसके पूर्व कांग्रेसियों ने उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी और सुरेश यादव ने की। संचालन जिला प्रवक्ता हसीब अहमद ने किया।

# इस्तांबुल बम ब्लास्ट के कुछ घंटे बाद संदिग्ध हमलावर गिरफ्तार

### मंत्री ने कुर्द पीकेके पर लगाया आरोप




**इस्तांबुल,(एजेंसी)।** तुर्की में इस्तांबुल के लोकप्रिय इस्तिकलाल एवेन्य पर बम धमाका मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। तुर्की के आंतरिक मामलों के मंत्री सुलेमान सोयलू ने इस गिरफ्तारी की जानकारी दी है। सोयलू ने इस हमले के लिए कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हमारी शुरुआती जांच में पता चला है कि इसके पीछे पीकेके आतंकवादी संगठन का हाथ है। हालांकि, जिस शख्स को गिरफ्तार किया गया है अभी तक उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। मालूम हो कि रविवार को हुए इस हमले में 6 लोगों की मौत हो गई और 53 जख्मी हुए हैं।

इस्तिकलाल एवेन्य में हुए विस्फोट की वजह साफ नहीं हो सकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, विस्फोट की जांच करने का जिम्मा पांच अभियोजकों को दिया गया है। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने इस भीषण विस्फोट को हमला करार दिया है। उन्होंने कहा कि इसके अपराधियों को दंडित किया जाएगा। एर्दोआन ने कहा कि चार लोगों की घटनास्थल पर और 2 की अस्पताल में मौत हो गई। वहीं, इस्तांबुल के गवर्नर अली येरलीकाया ने ट्विटर पर कहा कि घायलों का इलाज किया जा रहा है। कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**घटनास्थल पर आग की लपटें उठती दिखीं :** ऑनलाइन पोस्ट की गई वीडियो में दिख रहा है कि आग की लपटें निकल रही हैं और फिर जोर का धमाका हुआ। मौके पर राहगीर मुड़े और इधर-उधर भागने लगे। इसके साथ ही अन्य फुटेज में दिख रहा है कि एम्बुलेंस, दमकल की गाड़ियां और पुलिस मौके पर पहुंच गई है। सोशल मीडिया पर लोगों ने कहा कि इलाके में दुकानों को बंद कर दिया गया है।

**विस्फोट की रिपोर्टिंग पर अस्थायी रूप से रोक:** तुर्की की मीडिया निगरानी संस्था ने विस्फोट की रिपोर्टिंग पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। इस कदम से प्रसारक विस्फोट के दौरान और उसके बाद के वीडियो नहीं दिखा पाएंगे। रेडियो और टेलीविजन की सर्वोच्च परिषद ने पहले भी हमलों और दुर्घटनाओं के बाद इस तरह के प्रतिबंध लगाए हैं। तुर्की में 2015 से 2017 के बीच कई बार विस्फोट हुए थे जिनका संबंध इस्लामिक स्टेट और गैर कानूनी कुर्दिश समूहों से था।

## अमेरिका में मध्यावधि नतीजे से रिपब्लिकन नाराज

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** मध्यावधि चुनाव के बाद इस हफ्ते अमेरिकी सीनेट में डेमोक्रेट्स के आधिपत्य की खबर से रिपब्लिकन पार्टी में मतभेद उत्पन्न हो गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आलोचकों ने उन्हें खराब प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार ठहराया, जबकि अन्य रिपब्लिकन अपने सीनेट नेता मिच मैककोनेल को दोषी मान रहे हैं। इस बीच, व्हाइट हाउस ने अब तक का सबसे प्रबल संकेत दिया है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन फिर से चुनाव लड़ेंगे। रिपब्लिकन को कांग्रेस के निचले सदन में जीतने की उम्मीद हैं, जो बाइडेन की योजनाओं को गंभीर रूप से बाधित कर सकता है लेकिन उनकी संभावना कम हो रही है और वोटों की गिनती जारी है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सप्ताहांत में, अमेरिकी नेटवर्क ने अनुमान लगाया कि डेमोक्रेट्स ने एरिजोना और नेवादा में दो सीनेट सीटों पर कब्जा कर लिया है, ऊपरी सदन पर नियंत्रण बरकरार रखा है।

# चैंपियनशिप में उत्तर मध्य रेलवे ने जीते 13 मेडल



**प्रयागराज,(ब्यूरो)।** कोलकाता में 9 से 11 नवंबर तक आयोजित 51वीं अखिल भारतीय रेलवे जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में उत्तर मध्य रेलवे ने 13 पदक जीतकर चैंपियनशिप में द्वितीय स्थान हासिल किया। उत्तर मध्य रेलवे की टीम में 06 खिलाड़ी थे और इनमें से 5 ने पदक हासिल किए। उत्तर मध्य रेलवे की पदक तालिका 4 स्वर्ण, 6 रजत और 3 कांस्य रही। प्रतियोगिया में सिद्धार्थ वर्मा को ऑल राउंड चैंपियन का स्थान मिला।

इसमें सिद्धार्थ वर्मा ने दो स्वर्ण और दो रजत, आशीष कुमार ने एक स्वर्ण तथा एक रजत, आदित्य सिंह राणा ने एक स्वर्ण, एक रजत तथा एक कांस्य, अभिलेख पराशर एक रजत और एक कांस्य, अंकुर शर्मा ने एक रजत और एक कांस्य पदक जीत कर उत्तर मध्य रेलवे को गौरवान्वित किया।

### विवेकानंद योजना — हिजाब के बाद कर्नाटक में एक और विवाद

# स्कूलों में भगवा रंग से रंगे जाएंगे क्लास रूम



**बेंगलुरु, (एजेंसी)।** कर्नाटक में हाल ही में क्लास रूम के भीतर हिजाब को प्रतिबंधित करने के बाद जमकर विवाद हुआ था। मामला सुप्रीम कोर्ट तक जा पहुंचा। इस बीच राज्य सरकार ने विवेका योजना के तहत राज्य भर में शुरू की जा रही 10,000 कक्षाओं को भगवा रंग में रंगने का फैसला किया है। बोम्मई सरकार के इस फैसले को लेकर भी विवाद खड़ा हो गया है।

भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार 992 करोड़ रुपए की लागत से राज्य भर के सरकारी स्कूलों में स्वामी विवेकानंद के नाम पर 10,000 से अधिक कक्षाओं का निर्माण करने की योजना बना रही है। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को कलबुर्गी में बाल दिवस के अवसर पर शिक्षा मंत्री बीसी नागेश के साथ इस योजना का शुभारंभ किया। शिक्षा मंत्री ने रविवार को कक्षाओं के भगवा रंग में रंगने के सरकार के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि यह आर्किटेक्ट की सिफारिशों पर आधारित है।

### कुछ लोगों को भगवा से एलर्जी : नागेश

बीसी नागेश ने कहा कि क्या इसमें कुछ गड़बड़ है? क्या भगवा रंग नहीं है? अगर आर्किटेक्ट भगवा रंग का सुझाव देते हैं तो हम इसे पेंट करेंगे। सरकार यह तय नहीं करेगी कि खिड़कियां, दरवाजे और सीढ़ियां कैसी होनी चाहिए। हमारे पास आर्किटेक्ट हैं और हम उनकी सिफारिशों के आधार पर फैसला करेंगे। क्लास रूम को भगवा रंग से रंगने पर विपक्ष की आलोचना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि कुछ लोगों को भगवा से एलर्जी है। यहां तक कि उनके (कांग्रेस) झंडे में भी भगवा है, उन्होंने इसे क्यों रखा है? उसे भी हटा दें और इसे पूरी तरह से हरा कर दें।

### हर चीज का राजनीतिकरण नहीं करे विपक्ष : सीएम

मुख्यमंत्री बसवराद बोम्मई ने सोमवार को बेंगलुरु में विधान सौध के सामने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद बोलते हुए विपक्ष से हर चीज का राजनीतिकरण नहीं करने को कहा। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय ध्वज में भगवा रंग है। वे इसको लेकर नाराज क्यों हैं? स्कूल की इमारतों का निर्माण स्वामी विवेकानंद के नाम पर किया गया है। विवेकानंद एक भिक्षु थे। वह भगवा वस्त्र पहनते थे। विवेक शब्द का अर्थ है सभी के लिए ज्ञान। उन्हें सीखने दें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162) उप सम्पादक : प्रमोद कुमार शुक्ल (मो. 9450497420)**। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।